आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 23 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष -3 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-325 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 फरवरी 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

डिजिटल ने हमारे जीवन को बदल दिया : जयशंकर

नई दिल्ली,23 फरवरी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज पुणे में जी-20 के एक कार्यक्रम में कहा कि हम आज यहां तब एकत्रित हुए हैं जब भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। उन्होंने कहा कि जी-20 विश्व की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का समूह है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परंपराओं में एक बहुत कठिन क्षण में जी-20 की अध्यक्षता एक बहुत विशेष जिम्मेदारी है। विदेश मंत्री ने कहा कि डिजिटल ने हमारे जीवन को बदल दिया है, हर बार जब आप उस स्क्रीन को देखते हैं तो आप कुछ सीख रहे होते हैं लेकिन कोई और भी आपके बारे में कुछ सीख रहा होता है। उन्होंने कहा कि आपकी पसंद, नापसंद, मांग और पसंद सभी को पकड़ा जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक डिजिटल लेनदेन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में योगदान देता है, क्षमताओं के निर्माण में योगदान देता है जो आने वाले वर्षों में राष्ट्रों के बीच शक्ति संतुलन का निर्धारण करेगा।

सिकंदराबाद-बेलगावी ट्रेन में बम की खबर झूठी निकली

हैदराबाद 23 फरवरी, । सिकंदराबाद-बेलगावी विशेष ट्रेन में बम लगाए जाने की फोन कॉल अफवाह साबित हुई। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर बुधवार रात कॉल मिलने के बाद रेलवे अधिकारी हरकत में आ गए।

रेलवे पुलिस के जवानों ने पूरी ट्रेन की जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

रंगारेड्डी जिले के देवरामपल्ली गांव के रहने वाले बलराजू ने रात करीब साढ़े नौ बजे कॉल किया। कॉल कर उसने पुलिस को बताया कि उसने तीन लोगों को ट्रेन में रखे बम के बारे में बात करते हुए सुना। रात 11.15 बजे तक चेकिंग चलती रही। ट्रेन संख्या 07336 सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से रात 10.20 बजे निकलने वाली थी। कर्नाटक में बेलगावी के लिए लेकिन बम की धमकी के कारण प्रस्थान में लगभग डेढ़ घंटे की देरी हुई। पुलिस बलराजू से उसके बयान की सत्यता की जांच करने और तीन लोगों की पहचान करने के लिए पूछताछ करेगी।

कुकरैल नाइट सफारी पर जल्द शुरू होगा काम

लखनऊ 23 फरवरी, । लखनऊ में कुकरैल नाइट सफारी और जूलॉजिकल पार्क के निर्माण का काम जल्द ही 50 करोड़ रुपए के प्रारंभिक बजटीय आवंटन के साथ शुरू होगा। वन अधिकारियों के अनुसार, हालांकि परियोजना की कुल लागत 1,600 करोड़ रुपए है, लेकिन बजटीय प्रावधान से वन विभाग निर्माण कार्य शुरू करने में सक्षम होगा।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक ममता दुबे ने कहा, परियोजना योजना को मंजूरी के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के पास भेज दिया गया है और प्रक्रिया अंतिम चरण में है। हमें उम्मीद है कि अगले 15 दिनों में अनुमति मिल जाएगी। कुकरैल में 2027 हेक्टेयर भूमि पर नाइट सफारी व जू बनाया जाएगा।

उप्र की राजधानी में चलेगा 'थूकना प्रतिबंधित है' अभियान

लखनऊ 23 फरवरी, । लखनऊ नगर निगम (एलएमसी) में जीआईएस-23 और जी20 आयोजनों के लिए किए गए सौंदर्यीकरण कार्य को संरक्षित करने के प्रयास में गुरुवार से 1 मार्च तक 'थूकना प्रतिबंधित है' शीर्षक से एक विशेष अभियान चलाएगा।

दिल्ली विमानतल पर हाईवोल्टेज ड्रामा

रायपुर आ रहे कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा विमान से उतारे गए,गिरफ्तार

कांग्रेस नेताओं ने विरोध में एयरपोर्ट पर दिया धरना

नई दिल्ली,23 फरवरी। दिल्ली एयरपोर्ट से रायपुर में कांग्रेस अधिवेशन में जाने के लिए विमान में बैठे कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को उतार कर गिरफ्तार कर लिया गया है। एयरपोर्ट पुलिस ने पवन खेड़ा को टेकऑफ से ठीक पहले विमान से उतारा था। फिर जरूरी कार्रवाई के बाद उन्हें असम पुलिस के हवाले कर दिया गया, जिसने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच **पवन खेड़ा** ने पूरे मामले की जानकारी भी दी है। उन्होंने कहा, मुझे कहा गया मैं अपना सामान दिखाऊं। मैंने कहा कि एक हैंडबैग के अलावा मेरे पास कुछ भी नहीं है। मैं जब एयरक्राफ्ट से नीचे आया तो कहा कहा गया कि मैं उड़ान नहीं भर सकता और डीसीपी आ रहे हैं। मैं नहीं जानता कि मुझे क्यों रोका गया। पवन खेड़ा ने कहा कि यहां नियम, कानून अता-पता नहीं है. ज्ञात हो कि पवन खेड़ा ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री के नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में दिल्ली के हजरतगंज थाने के अलावा असम में उनके खिलाफ 15 रिपोर्ट दर्ज है।

कांग्रेस नेता **जयराम रमेश** ने भी भाजपा पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि तानाशाही का दूसरा नाम अमितशाही है. असम पुलिस अब **पवन खेड़ा** को गिरफ्तार करके ले जा रही है। उन्हें रिमांड पर लेने के लिए असम पुलिस की एक टीम रवाना हो गई है। इस बीच सुप्रिया श्रीनेत और रणदीप सुरजेवाला की लीडरशिप में कांग्रेसियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया। कांग्रेसियों ने जब-जब मोदी डरता है, पुलिस को आगे करता है के नारे लगाए। कांग्रेस ने कहा कि यह तानाशाही नहीं है तो और क्या है। कांग्रेसियों ने भाजपा हाय-हाय और नरेंद्र मोदी हाय-हाय के नारे भी लगाए। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा के कहने पर हुआ है। मैंने पुलिस से पूछा कि क्या हिमंता भगवान हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने हमें ना तो अरेस्ट वॉरंट दिखाया और ना ही कुछ और दस्तावेज दिखाए। इस बीच असम पुलिस के आईजी प्रशांत कुमार भुइयां ने बताया कि राज्य के दीमा हसाओ जिले में पवन खेड़ा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। असम पुलिस की एक टीम दिल्ली रवाना हुई है। उन्हें रिमांड पर लिया जाएगा। बता दें कि बीते दिनों पवन खेड़ा ने मीडिया से बातचीत के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। माना जा रहा है कि इसी मामले में उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

दिल्ली से रायपुर तक हलचल आक्रामक हुई कांग्रेस

इस बीच कांग्रेस दिल्ली से रायपुर तक आक्रामक हो गई है। पवन खेड़ा को विमान से उतारे जाने के खिलाफ रणदीप सुरजेवाला और सुप्रिया श्रीनेत समेत कांग्रेस के कई नेता विमान से उतर गए।

निम्न स्तरीय षड़यंत्र

छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि एक तरफ भाजपा ने राज्य में छापे मरवाएं हैं वहीं अधिवेशन में नेताओं को भी आने से रोका जा रहा है। पवन खेड़ा को विमान से उतारे जाने से साफ है कि वे कांग्रेस अधिवेशन से डरे हुए हैं। बघेल ने कहा कि पवन खेड़ा ने इतना बड़ा अपराध नहीं किया है कि उसे प्लेन से उतारा जाए। भाजपा नेता भी कई बार सोनिया गांधी, राहुल गांधी व मनमोहन सिंह पर टिप्पणणी कर चुके हैं। मर्यादा लांघने शुरूआत भाजपा ने सड़क से लेकर सदन की है। आज का वाक्या निम्न स्तरीय षड़यंत्र है। इससे पहले अधिवेशन को असफल करने छापामार कार्रवाई की गई है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की गिरफ्तारी पर सीएम भूपेश बघेल का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि सरकारें तो अन्य राज्यों में दूसरे दलों की भी है. जो रास्ता भाजपा अपनाकर शुरुआत कर रही है, वह रास्ता अब दूसरे लोग भी अपनाएंगे. यह बात उन्हें समझ आ जानी चाहिए. ऐड़ी से चोटी और नागपुर से दिल्ली भी जोर लगा ले तब भी यह महाधिवेशन सफल होकर रहेगा. पवन खेड़ा के साथ हम सब खड़े हैं.

कांग्रेस का महाकुंभ 24 से, तैयारी पूरी

रायपुर,23 फरवरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का अधिवेशन कल 24 फरवरी से छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर में प्रारंभ हो जाएगा। यह 26 फरवरी तक चलेगा। अधिवेशन में शामिल होने पार्टी के तमाम बड़े नेताओं का रायपुर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 24 फरवरी को आएंगे। इस सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। महाधिवेशन में शामिल होने आज से कांग्रेस नेताओं का पहुंचना शुरू हो गया है. इसके चलते एयरपोर्ट पर वीआईपी मूवमेंट बढ़ गया है. कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयराम रमेश रायपुर पहुंच गए हैं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी आज आएंगे. एयरपोर्ट पर डेलीगेस्ट्स को रिसीव करने पीसीसी चीफ मोहन मरकाम पहुंचे हैं. मरकाम ने कहा, अधिवेशन में सभी कमेटियां अपनी रिपोर्ट देंगी. कुल 6 कमेटियां बनाई गई है.कांग्रेस के राष्ट्रीय महाधिवेशन में शामिल होने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला, के राजू, दिग्विजयसिंह, सुशील कुमार सिंदे, वी नारायण सामी, मीरा कुमार, आनंद शर्मा, सुबोध कांत सहाय, गौरव गोगोई, अमृता राव, कमलनाथ, विश्वा मोहली, हरीश रावत, नेटटा डिसूजा, मानिकराव ठाकरे, डी रघु शर्मा, अमीन पटेल, अमरजीत सिंह, निशांत सिद्धकी, डीके श्रीकुमार, संदेश खंडेकर, भूषण पाटील, नगमा मुरारजी, सूरज ठाकुर, भंवर सिंह भाटी, सीताराम लांबा, इमरान प्रतापगढ़ी, राजीव शुक्ला, सफीउल्लाह, सत्यनारायण, दीपक राज, श्रीधर नारायणा समेत कई दिग्गज नेता आज रायपुर आएंगे. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस का 85वां अधिवेशन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होने वाले अधिवेशन की तैयारियां पूरी हो चुकी है. देशभर से अतिथियों का आना शुरू हो गया है. यह क्षण कांग्रेस के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के लिये भी ऐतिहासिक और गौरव पूर्व है.

» छत्तीसगढ़ में आयोजन होना प्रदेश के लिए गौरव का विषय : मरकाम

हम उत्सुक हैं, सबका स्वागत है : बघेल

कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी पूरी हो चुकी है. इसका जायजा लेने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नवा रायपुर पहुंचे. जहां उन्होंने तैयारियों का मुआयना किया. उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी पूरी है, हम अपने राष्ट्रीय नेता के स्वगात के लिए तैयार हैं. कल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आ रहे हैं, एयरपोर्ट से अधिवेशन स्थल तक भव्य स्वागत की तैयारी है. अधिवेशन को लेकर हम सब उत्साहित हैं.

बिस्वा भूषण हरिचंदन बने छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल

राजभवन में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरुप कुमार गोस्वामी ने दिलाई शपथ

रायपुर,23 फरवरी। बिस्वा भूषण हरिचंदन छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल बन गए हैं। सिविल लाइन स्थित राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया । अब तक छत्तीसगढ़ की राज्यपाल रहीं अनुसुईया उइके की विदाई के बाद उन्होंने नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली है। राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बिलासपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरूप कुमार गोस्वामी ने उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष सहित मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहे।

रायपुर एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा

रायपुर,23 फरवरी। एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की गिरफ्तारी की वजह से कांग्रेस नेताओं को रायपुर लेकर आ रही इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल हो गई है. जिसके बाद इस फ्लाइट के यात्रियों को दूसरे विमान से भेज दिया गया है. रायपुर से नई दिल्ली जाने वाले इंडिगो का विमान आज रद्द किए जाने से यहां माना विमानतल पर यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। वहीं फ्लाइट कैंसिल होने के बाद इंडिगो ने बयान जारी कर बताया कि, एक यात्री को दिल्ली एयरपोर्ट पर दिल्ली-रायपुर फ्लाइट से नीचे उतारा गया है. इसके बाद कुछ और यात्रियों ने नीचे उतरने का फैसला किया. हम अथॉरिटी के निर्देशों का पालन कर रहे हैं. फ्लाइट में देरी हुई है, इसके लिए हम यात्रियों से माफी मांगते हैं. इंडिगो ने फ्लाइट को रद्द कर दिया है. यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से रायपुर भेजा जाएगा.

नवा रायपुर के दफ्तरों में पूरी रात डटे रहे ईडी के अधिकारी

रायपुर,23 फर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं के बाद नवा रायपुर स्थित कई दफ्तरों में जांच के लिए पहुंची ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम पूरी रात जमी रही. इस दौरान बड़े पैमाने पर दस्तावेजों की छानबीन करती रही. इधर, खबर है कि ईडी ने पर्यावरण संरक्षण मंडल के सभी रीजनल अफसरों को तलब किया है. ईडी की टीम ने बुधवार को दोपहर नवा रायपुर में इंद्रावती भवन स्थित श्रम, खनिज संचालनालय के अलावा जीएसटी भवन और पर्यावास भवन में दबिश दी थी. इसके बाद एक ट्रक में दस्तावेज ले जाने की खबर आई थी. हालांकि ईडी की टीमें हटी नहीं, बल्कि पूरी रात जमी रही. दूसरे दिन भी ईडी की जांच जारी है. जो जानकारी सामने आ रही है, उसके मुताबिक ईडी ने पर्यावरण संरक्षण मंडल के सभी रीजनल अफसरों को पूछताछ के लिए बुलाया है. दस्तावेजों के आधार पर वे पूछताछ कर सकते हैं. गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में कोल परिवहन में कथित लेवी के आरोपों पर ईडी ने जांच शुरू की. ईडी ने आईएएस समीर बिश्नोई, राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया, कोयला व्यापारी सूर्यकांत तिवारी, सूर्यकांत के चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी, कोयला व्यापारी सुनील अग्रवाल आदि को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ चालान पेश किया है.

छत्तीसगढ़ में खेलों के व्यवस्थित विकास के लिए नीति बनाने की आवश्यकता

सब कुछ है पर उन्नयन के लिए कौन उठायेगा कदम

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सितंबर-अक्टूबर 2022 में 36 वें राष्ट्रीय खेल संपन्न हुए। इसमें 37 राज्यों, केंद्रीय संस्थानों, केंद्र शासित प्रदेशों की टीमों ने भाग लिया। सर्विसेज की टीम 61 स्वर्ण,35 रजत,32 कांस्य पदक के साथ पहले स्थान पर रही। इसमें 36 ओलंपिक खेलों के साथ गैर ओलंपिक खेल शामिल थे। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 5 रजत 6 कांस्य सहित 13 पदक में हासिल करके पदक तालिका में 22 वां स्थान प्राप्त किया।

गुजरात के राष्ट्रीय खेलों में हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने बैडमिंटन, रोलर, स्केटिंग, क्याकिंग-कैनोइंग, साफ्टबाल,मलखम्ब, तालवारबाजी, साफ्ट टेनिस मिलाकर 13 पदक जीता था।

इसी तरह मध्यप्रदेश में 30 जनवरी से 11 फरवरी 2023 तक पांचवें खेलों इंडिया यूथ गेम्स हुए। इसमें 27 ओलंपिक खेलों के साथ गैर ओलंपिक खेलों को सम्मिलित किया गया था।

इसमें कुश्ती,भारोत्तोलन बास्टेकबाल कलारी पयाट्टू थंग-टा, तथा तलवारबाजी हमारे खिलाड़ियों ने पदक जीता। इस टूर्नामेंट में महाराष्ट्र के दल ने 36 स्वर्ण, 55 रजत, 50 कांस्य पदक पाकर पहला स्थान पर कब्जा जमाया। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने पदक तालिका में दो स्वर्ण, दो रजत,आठ कांस्य पदक जीतकर 22 वां स्थान पाया।

इस तरह अगर हम उभरते हुए युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर डालें तो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में शामिल कुश्ती,भारोत्तोलन, क्याकिंग-कैनोइंग, बैडमिंटन, साफ्टबाल, तलवारबाजी, बास्केटबाल जैसे सिर्फ सात खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर सके हैं। यह भी सच है कि भारत के पारंपरिक खेलों , प्रादेशिक खेलों का अपना महत्व है लेकिन खेलों के विश्वमानचित्र पर भारत को जगह दिलाने के लिए ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में पदक प्राप्त करने का अपना महत्व है। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण 01 नवंबर 2000 को हुआ। इसके निर्माण को 22 वर्ष हो चुके हैं। इसलिए यह भी नहीं कहा जा सकता यह नया राज्य है। पिछले 22 वर्षों में छत्तीसगढ़ के साथ झारखंड, उत्तराखंड, तेलंगाना जैसे राज्य अस्तित्व में आये हैं। इन प्रदेशों में राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्राप्त उपलब्धि का आंकलन करने से स्पष्ट हो जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बहुत फीका रहा है। 36 वें राष्ट्रीय खेलों में तेलंगाना ने 23 पदक,25वां स्थान, झारखंड ने 17 पदक 18 वां स्थान जबकि उत्तराखंड 18 पदक, 26 वां स्थान पाया। ठीक इसी तरह खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2022 मध्यप्रदेश के पदक तालिका में तेलंगाना ने 25 पदक के साथ 13 वां, झारखंड ने 07 पदक के साथ 19 वां जबकि उत्तराखंड 07 पदक लेकर 23 वें स्थान पर रहा। इस प्रकार उपरोक्त आंकड़ों का आंकलन करने पर स्पष्ट हो जाता है कि राज्य निर्माण के 22 वर्षों बाद भी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने बड़ी कामयाबी हासिल नहीं की है। इसके लिए दोषी कौन है? क्या कमियां है? कैसे इस प्रदेश में प्रतिभागियों को राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया जा सकता है? इन विषयों पर छत्तीसगढ़ के ओलंपिक फेडरेशन उसके संबद्ध खेल फेडरेशन,निर्णायकों, प्रशिक्षकों वर्तमान,पूर्व खेल प्रशासकों, वर्तमान पूर्व ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों तथा खेल मीडिया पत्रकारों से चर्चा करनी चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य ओलंपिक संघ के अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं। खेल मंत्रालय युवा मंत्री उमेश पटेल के हाथों है। पिछले करीब चार वर्षों से खेल संचालक के पद पर महिला अधिकारी श्वेता श्रीवास्तव सिंहा है। इसके साथ ही साथ छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण का भी गठन किया गया है जो कि अपनी भूमिका निभा रहा है। इतना सब कुछ होते हुए प्रश्न यह उठता है कि आखिर पदक प्राप्त करने लायक खिलाड़ी हम क्यों नहीं ला पा रहे हैं। खेलकूद में रोजगार की अपार संभावना है। हमारे प्रदेश में राजस्व की कोई कमी नहीं है। राज्य खनिज न्यास के खाते से रुपये प्राप्त करके खेल अधोसंरचना विशेषकर ओलंपिक खेलों के लिए प्राप्त किया जा सकता है तो फिर क्यों कोई सामने नहीं आता?

टीटीपी से पाकिस्तान की सेना और सरकार दोनों परेशान

करांची,23 फरवरी। पैसे पैसे को मोहताज पाकिस्तान इन दिनों आतंक के साथ दोहरी मार झेल रहा है। पाकिस्तान की आर्थिक हालत इतनी खराब हो गई है कि मुल्क के वजूद पर ही खतरा मंडरा रहा है। आतंकवाद को पालने-पसोने वाले मुल्क के लिए अब उसका यही रवैया भारी पड़ रहा है। इसलिए अब आतंकवाद पर लगाम लगाने के लिए उसने तालिबान से मदद की गुहार लगाई है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफऔर बदनाम खुफिया एजेंसी आईएसआई के चीफ नदीम अंजुम के साथ अचानक से काबुल पहुंच गए हैं। बैठक का नेतृत्व काबुल में अफगानिस्तान के कार्यवाहक उप प्रधान मंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने किया। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान पर अपने घरेलू इस्लामी समूह के आतंकवादियों को शरण देने का आरोप लगाया है, जिसका काबुल ने खंडन किया है। समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक, अब्दुल गनी बरादर के कार्यालय ने एक बयान में कहा, ÷उन्होंने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक सहयोग पर चर्चा की। रिपोर्ट के अनुसार तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) का जिक्र करते हुए क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों के बढ़ते खतरे से संबंधित एक और बयान जारी किया। तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर नियंत्रण करने के बाद से, पाकिस्तान ने मुख्य रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवादी हमलों में नाटकीय वृद्धि देखी है। पिछले शुक्रवार को टीटीपी के एक आत्मघाती दस्ते ने कराची में एक पुलिस परिसर पर हमला किया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई।

बता दें कि ये कोई पहला मौका नहीं है। शीर्ष समिति की बैठक के दौरान, पाकिस्तान के नागरिक और सैन्य नेतृत्व ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को नियंत्रित करने के लिए अफगान तालिबान प्रमुख हैबुतल्लाह अखुंदजादा के हस्तक्षेप की मांग करने का

रानीतराई पहुंचे विधान सभा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को भाजपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 23 फरवरी। बुधवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के पाटन विधानसभा के ग्राम रानीतराई पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने महाजन चौक पर भव्य स्वागत किया वही महाशिवरात्रि के दूसरे दिवस 19 फरवरी की रात्रि को मां काली मंदिर परिसर , स्वयंभू शिवलिंग मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर्व आयोजित मेला में दूसरे दिवसआयोजन समिति के अध्यक्ष योगेश्वर साहू ,सचिव राजेश साहू सहित मंदिर समिति के सदस्यों के साथ मारपीट करने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता के सुपुत्र व एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष आयुष टिकरिया , जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष उमाशंकर चंद्राकर , युवा कांग्रेस नेता शुभम टिकरिहा , ऐश्वर्या टिकरिया, निखिल साहू सहित 20 ड्ड22 युवाओं ने मिलकर गुंडागर्दी करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किए थे जिनकी रिपोर्ट समिति के सदस्यों ने रात्रि में ही रानीतराई थाना में रिपोर्ट दर्ज करा दिए थे अभी तक उन आरोपियों के गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित मंदिर समिति के सदस्य , ग्रामीणजन , भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने रानीतराई पहुंचे विधानसभा उपनेता नारायण चंदेल को ज्ञापन सौप आरोपियों की गिरफ़्तारी व विधानसभा में प्रश्नकाल में प्रश्न उठाने की मांग के साथ ज्ञापन सौंपा है । विधानसभा उप नेता नारायण चंदेल ने पीड़ित पक्षों को न्याय दिलाने की बात के साथ न्याय नहीं होने पर विधान सभा में बात उठाने आश्वस्त किए । लालेश्वर साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष कहा की हिंदू धर्म की रक्षा करने वाले धर्म प्रेमियों के साथ समिति सदस्य द्वारा शांतिपूर्ण महाशिवरात्रि के मेले का आयोजन में लगे समिति के अध्यक्ष , सदस्य व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस पार्टी के युवा कांग्रेस नेताओं ने जो मारपीट किया है वह निंदनीय है उनकी गुंडागर्दी चरम सीमा पर है ऐसे गुंडागर्दी करने वाले युवा कांग्रेस के नेताओं को जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए और शांति पूर्ण अंचल में दहशत गर्दी फैलाने आतंक का माहौल बना अशांति फैलाने में इन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं प्रश्रय व संरक्षण देने वाले के ऊपर उनकी पार्टी कार्यवाही करे । अन्यथा आगामी समय में उग्र आंदोलन सभी धर्म प्रेमियों , अंचल वासियों के साथ मिलकर किया जाएगा ।इस दौरान पीड़ित मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेश्वर साहू ,राजेश साहू ,सहित दक्षिण पाटन के मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, उत्तर पाटन के मंडल अध्यक्ष लोकमानी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा लोकमाणी चंद्राकर , भाजपा नेता रानीतराई सरपंच निर्मल जैन, बेनी राम साहू, डॉ राजेश बंछोर, जनपद सदस्य रवि सीना सिन्हा डे साहब सुभाष यादव ईश्वर यादव डॉक्टर हिमांचल साहू,अरविंद साहू , हेमलाल साहू ,आंकालु साहू ,कीर्तन साहू , पंचू साहू , सालिक चक्रधारी , श्रीमती सत्या वाती , लता बाई ,मेनका बाई ,ललिता बाई सहित बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे ।

कांग्रेस सरकार की योजनाओं को लेकर शहर महिला कांग्रेस चला रही है वार्डो में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

कवर्धा, 23 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वाहन पर मंत्री मो अकबर भैया जी, व क्रेडा सदस्य कन्हैयालाल अग्रवाल , जिला कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार ,नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा , जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार तिवारी के मार्गदर्शन में आज कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहु जी,प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव शेख अनवरी के उपस्थिति में *शहर महिला कांग्रेस ने अपने महिला कांग्रेस कार्यर्ताओ के साथ वार्ड दस , ग्यारह , बारह में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा अभियान चलाकर कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए केंद्र में बैठे मोदी सरकार के नाकामी और बढ़ती महंगाई के बारे में चर्चा करते हुए कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद की नारा लगाते हुए वार्ड वासियों से हाथ जोड़कर अभिवादन कर हाथ से हाथ मिलाते हुए हाथ जोड़ो अभियान को संपन्न किए, संपन्न करते हुए रानू दुबे ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को धन्यवाद देते हुए कहा कि शहर महिला कांग्रेस इस हाथ जोड़ो यात्रा अभियान को 29 जनवरी को वार्ड 01 से शुरू किए और अंतिम 27 वा वार्ड 26 मार्च तक ही करेंगे और आगामी यात्रा 26 फरवरी को वार्ड13,14,15, को होगी जिसमे आप सभी पुनः इस यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं आज के इस यात्रा में,जिला कांग्रेस के सहसचिव पुरन नाथ योगी जी, वार्ड 09 के पार्षद संतोष यादव जी,वार्ड 05 के पार्षद नेतराम धुर्वे जी,विजय चंद्रवंशी जी,लालजी पारधी,शहर महिला कांग्रेस से रचना कोसले, रोशनी मरावी, फूलवती डहरिया त्रिवेणी मानिकपुरी चंद्रिका रजक मुस्कान, सुमित्रा ,ओबीसी महिला जिला अध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,लता नाविक,चंदा जोशी,संतोषी मानिकपुरी,पच बाई, चंदा जोशी, लीला देवी पोर्ते,इंद्राणी लहरे,आदि उपस्थित रहे ।

एक नजर

विधायक भसीन अस्पताल से हुए डिस्चार्ज

भिलाई, 23 फरवरी। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विद्यारतन भसीन को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। उनकी तबियत अत्यधिक बिगड़ जाने के कारण रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वर्तमान में उनके स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद बुधवार को18 दिन बाद डिस्चार्ज किया गया जहां से वे घर आ गये हैं। भसीन के स्वास्थ्य की जानकारी लेने व उनसे मिलने पिछले दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, सांसद विजय बघेल सहित कई राजनेता अस्पताल पहुंचे थे। लगातार उनका बेहतर उपचार हुआ। हालांकि, उनका कोई ऑपरेशन वगैरह नहीं हुआ है। डॉक्टरों के बेहतर निर्देशन में उपचार हुआ और अब पूरी तरह स्वस्थ्य हो गए हैं।

किराना दुकान में शराब बिक्री,मगिसा गिरफ्तार

भिलाई नंदिनी-अहिवारा। नंदिनी थाना अंतर्गत अहिवारा वार्ड क्रमांक 6 में किराना दुकान की आड़ में महिला को अवैध रूप से शराब बेचते पुलिस ने गिरफ्तार किया है । नंदिनी टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि अहिवारा मछली मार्केट के पास रेखा साहू ने अपने घर में राशन दुकान खोल रखी थी, जिसकी आड़ में वह अवैध रूप से शराब बिक्री करती थी उसके घर मे छापा मारकर 30 पौवा देशी मसाला शराब जब्त किया गया इस मामले में आरोपी महिला के खिलाफ धारा आबकारी एक्ट 34 (2) के तहत कार्रवाई की है।

दूध की कीमत लगातार बढ़ने से आम आदमी चिंतित, त्यौहार में कैसे बनेगी खीर

कवर्धा, 23 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मिल्क की कीमत लगातार बढ़ रही है और सवाल यह उठ रही है की आम आदमी , गरीब लोग त्योहार में खीर कैसे मनाएंगे । आखिर सरकार को ऐसी नीति बनाने की आवश्यकता है पैकेट में मिल्क जो मिलती है उसके रेट को कम करे। पंचपन से साठ रुपया प्रति किलो में पैकेट में दूध मिल रही है जिसे लोग खरीदते समय कहते है क्या करे महंगाई तो है लेकिन क्या करे हर दिन मिल्क वाली चाय बनती है जिसके लिए मिल्क तो खरीदना पड़ता है और महंगी दूध होने के कारण कई लोग मजबूरी में लाल चाय पी रहे है । त्योहार में कैसे खीर बनाएंगे चिंतनीय विषय और सरकार को ध्यान देना चाहिए ।

लौह अयस्क उत्पादन में बीएसपी के राजहरा माइन्स ने रचा कीर्तिमान

भिलाई, 23 फरवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा स्थित आयरन ओर कॉम्प्लेक्स (आईओसी) ने 21 फरवरी 2023 को लौह अयस्क उत्पादन में नया दैनिक कीर्तिमान स्थापित किया है। आईओसी, राजहरा माइन्स ने 21 फरवरी 2023 को 34069 टन लौह अयस्क का उत्पादन कर 22 जनवरी 2022 को स्थापित 33891 टन लौह अयस्क उत्पादन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इसी प्रकार रावघाट माइंस से 698 टन आयरन ओर फाइन्स का उत्पादन करने में सफल रही। माइन्स बिरादरी के इस श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप ने माइन्स बिरादरी तथा उनके सहयोगी विभागों को बधाई प्रेषित की है।

बुजर्गों के प्रति परिवार व समाज में सम्मान का भाव जगाने युवा योगेश्वर की मुहिम

उतई, 23 फरवरी। ग्राम कोड़िया (ननकठ्ठी) निवासी युवा योगेश्वर बंजारे पिछले चार सालों से बुजुर्गों के प्रति परिवार व समाज में सम्मान का भाव जगाने मुहिम चला रहे हैं उन्होंने इस वर्ष भी वरिष्ठ नागरिक सम्मान व आशीर्वाद समारोह का आयोजन कर 75 से अधिक बुजुर्गों का चरण धोकर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया कार्यक्रम में शामिल सभी बजुर्ग इससे काफी अभिभूत हुए

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी बिसराराम यादव ने कहा कि बुजुर्गों का इस तरह के सम्मान समारोह में शामिल होना उनके लिए किसी तीर्थ यात्रा से कम नहीं है विशिष्ट अतिथि कौशलेंद्र प्रताप सिंह एवं बीएल कुर्रे ने भी आयोजन की सराहना की पद्मश्री आर एस वाले ने कहा कि योगेश्वर पिछले 4 सालों से बुजुर्गों के सम्मान में समारोह का आयोजन कर रहे हैं इस आयोजन के लिए वह अपने चार पहिया वाहन के हर बुकिंग का 200 रुपए निकालकर राशि एकत्रित करते हैं उन्होंने ऐसा कर युवा वर्ग के समक्ष एक मिसाल प्रस्तुत किया है कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अमृता बारले, गीता बंजारे , महनमोहन शर्मा , केजिया बंजारे, अमोल दास टंडन साहित अनेक लोग मौजूद थे।

धनोरा में शिव भक्तों का उमड़ा सैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 23 फरवरी। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में महावीर उद्यान में विराजे भगवान भुतभावन भोलेनाथ का सोमवार के दिन बड़े ही धूमधाम के साथ दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी पंडित गिरीराज शर्मा जी के द्वारा पंचाक्षरी मंत्रों के साथ अभिषेक पुजा पाठ किया गया इस पुजा पाठ में महावीर उद्यान में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा फिर दोपहर 2 बजे से भंडारा का कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमें करीब 5 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया शाम 4 बजे से भव्य शोभायात्रा झांकी के साथ शुरू किया गया जो कि हर गली मोहल्ले भ्रमण करते हुए आगे बढ़ते रहे दरबार के भक्तों ने हांथ में झंडा पताका लिए ऊं नमः शिवाय का जयकारा लगाते हुए चलते रहे एवं भगवान भोलेनाथ के झांकी का हर चौक चौराहे पर भक्तों ने अपने अपने घरों से थाल सजाकर आकरके पुजा पाठ करते रहे इस भव्य शोभायात्रा में दरबार के हर जिलो के भक्तों ने बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लिया एवं गांव के लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे सुबह से ही पुरे गांव शिव भक्तों से शिव मय हो गया था श्री राधा रानी धुमाल गृप रायपुर एवं झांकी देखकर सब मंत्र मुग्ध हो गए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी नंद पंन्डा मनोज पटेल बबलू साहू विनोद साहू जी गज्जू रायपुरिया गुलाब साहू जी मनसुखा साहू राजू यादव ओमकार साहू जीवराखन ठेकेदार दिनेश साहू हरिश रैकवार बाबू लाल ठेकेदार कुणाल साहू संदिप सेन चंद्र कांत देवांगन कल्याण देवांगन रुपलाल टेलस नंदू साहू आटो प्रमोद सेन भीषम साहू डॉ धनेशवर साहू सुनील कहार एम लाल देवांगन कल्याण देवांगन योगेश साहू मुनना गंधर्व दाऊजी बेकरी उमेश साहू कुंभकरण पटेल हेमंत तेली सतीश साहू तोमन गजपाल चेतन साहू दानू साहू टीकम लाईट गुमान साहू अवेन्दर साहू मारियल गुमान साहू भीष्म श्रीमती बबीता साहू सुनीता साहू देवकी साहू ललीता यादव लक्ष्मी साहू अंजू देवांगन देवश्री साहू संगीता सपरे टिकेशवरी सुलोचना ठाकूर कौशिलिया सेन श्रीमती नीरा साहू हितेश पटेल दशरि बाई पटेल कु पुजा साहू कु विननी साहू कु डिम्पल कु वेदू कु सुरूची कु नेहा कु निशा सेन कु मुककू सपरे आदि भकतगण बड़ी संख्या में सफल बनाने में जुटे हुए थे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंद्र कांत कोसरे जी एवं श्री कुंजलाल साहू जी ने दी

अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं कराने पर दूसरे दिन भी की गई कार्रवाई

भिलाई, 23 फरवरी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आज दूसरे दिन भी अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं कराने पर एक भवन व दुकान को सील कर दिया गया। अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण कराने के लिए भिलाई निगम के द्वारा लगातार लोगों से अपील की जा रही है, सर्वे कार्य किया जा रहा है तथा शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। सर्वे उपरांत अनाधिकृत विकास को नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने कहा जा रहा है। फिर भी नियमितीकरण नहीं कराने वाले ऐसे अनाधिकृत विकास व निर्माण पर निगम द्वारा सीधे सील बंद करने की कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर सभी जोन क्षेत्रों में सर्वे अभियान चल रहा है, अलग-अलग वार्ड क्षेत्रों में शिविर के आयोजन भी किए जा रहे हैं। परंतु अनाधिकृत विकास व नियमितीकरण के दायरे में आने वाले संचालकों, मालिकों के द्वारा नियमितीकरण नहीं कराने पर कार्रवाई की जा रही है। भिलाई निगम के द्वारा लगातार लोगों से अनाधिकृत विकास व निर्माण के तहत भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण, मिली हुई स्वीकृति के विपरीत निर्माण, आवासीय प्रयोजन में व्यावसायिक निर्माण या बिना स्वीकृति के निर्माण का नियमितीकरण कराने की अपील की जा रही है। बावजूद इसके नियमितीकरण के लिए आवेदन जमा नहीं करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। भिलाई निगम के मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में नियमितीकरण के आवेदन जमा किए जा सकते हैं। अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं करने वाले वार्ड क्रमांक 30 प्रगति नगर के निवासी की दुकान तथा लिंक रोड कैंप 2 वार्ड क्रमांक 36 में निर्मित भवन को सील कर दिया गया। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के निर्देश पर कार्रवाई में जोन 3 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम तथा निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

एसडीएम ने किया गुरुकुल पब्लिक स्कूल का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,23 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा पी.सी.कोरी और स्वामी आत्मानंद स्कूल कवर्धा के प्राचार्य ने गुरूकुल पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए अलग-अलग 21 बिन्दूओं पर जारी गाईडलाईन की बारीकी से जांच की गई। अनुविभागीय अधिकारी श्री पी.सी. कोरी और स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य द्वारा गुरूकुल पब्लिक स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार एवं ग्रंथालय एवं प्राचार्य कक्ष के आसपास लगे सी.सी. टीव्ही कैमरे का निरीक्षण किया गया साथ ही सी.सी. टीव्ही कैमरा के कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया। स्कूल के व्यवस्थापक को शिकायत पेटी रखने के सुझाव स्कूल प्रबंधन को दिए। उन्होंने सी.सी.टीव्ही कैमरा को लगातार चालू रखने, दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए रैम्प निर्माण कराने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल बस में सी.सी.टीव्ही कैमरा लगाने के संबंध में जानकारी ली गई, जिसमें स्कूल के कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि बसों में कैमरा लगा हुआ है, जो जी.पी.एस. से कनेक्ट है। इस दौरान कंट्रोल रूम नहीं होने की जानकारी मिली, एसडीएम ने कंट्रोल रूम का निर्माण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान छात्राओं के लिए निर्मित बाथरूम के वेंटिलेशन में मच्छर जाली लगाने एवं सुरक्षा के लिए महिला कर्मचारी रखने के निर्देश दिए गए साथ ही सभी बाथरूम मे दरवाजों में डोर क्लोजर लगाने के निर्देशित किया गया। छात्रों के लिए निर्मित बाथरूम के वेंटिलेशन में लोहे का राड लगाने एवं साफ-सफाई तथा पोताई कराए जाने के लिए निर्देशित किया साथ ही द्वितीय तल में छात्रों के लिए निर्मित बाथरूम कक्ष में विद्युत तार को ठीक करवाने के निर्देश दिए गए। स्टोर रूम में सुरक्षा की दृष्टिकोण से दरवाजा लगाने, कुछ कक्षाओं में कक्षा का नाम वाली पट्टिका लगाने, महिला बाथरूम के प्रवेश एवं निकासी द्वार पर सी.सी.टीव्ही. कैमरा लगाने, लाईब्रेरी के स्टोर रूम में सी.सी.टीव्ही कैमरा लगाने तथा पेयजल व्यवस्था, डस्टबीन एवं नल को भी ठीक कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जनमेजय महोबे ने कवर्धा स्थित महराजपुर स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में पिछले दिनों हुई घटना को दृष्टिगत रखते हुए एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा एवं शाला के व्यवस्थित संचालन के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी को जारी आदेशों का पालन के लिए अधिकृत किया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी विद्यालय का संचालन सुव्यवस्थित तथा गाईडलाईन, शासन के दिशा निर्देशों का लगातार मॉनिटरिंग कर रहे है।

महाप्रबंधक ने 1541 दुर्घटनारहित दिनों के लिए कार्मिकों दी बधाई

भिलाई, 23 फरवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के हेवी मेंटेनेंस इलेक्ट्रिकल (एचएमई) विभाग में सुरक्षा सप्ताह का प्रभावी आयोजन किया गया। सुरक्षा सप्ताह के उद्घाटन समारोह तथा समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक प्रभारी ए. शंकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक एस के महतो, महाप्रबंधक जे तुलसीदासन तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता एचएमई के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष मो. अशरफ सिद्दीकी ने किया। समारोह के प्रारंभ में एचएमई के विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक प्रबंधक एस नरेन्द्र राव ने विभाग के वार्षिक सुरक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विभाग की सुरक्षा उपलब्धियों तथा विभिन्न सुरक्षा कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत की। सुरक्षा सप्ताह के उदघाटन समारोह में महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष मो. अशरफ सिद्दीकी ने अपने स्वागत भाषण में एचएमई के सुरक्षा उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए 1541 दुर्घटना रहित दिनों के लिए सभी कार्मिकों व अधिकारियों को बधाई दी और इस रिकॉर्ड को निरन्तर बेहतर करने का आग्रह किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ए शंकर ने सुरक्षित कार्य करने के साथ ही सड़क सुरक्षा पर भी ध्यान देने की अपील की। इसके साथ ही उपस्थित अतिथियों ने सड़क सुरक्षा पर प्ले-कार्ड का भी विमोचन किया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री महतो ने टूल बॉक्स टॉक, सेफ्टी टॉक पर जोर दिया। तूलसीदासन ने भी अपने संबोधन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया। संचालन कर रहे सी एस साहू ने उपस्थित जनों को सुरक्षा शपथ दिलायी साथ ही एम एस यादव ने अपने सुरक्षा अनुभव को साझा किया।

3 लोगों ने नशे में चाकू मारकर अपने ही दोस्त की हत्या कर दी

भिलाई,23 फरवरी । भिलाई नगर थाना क्षेत्र पंथी चौक रुआबांधा के पास देर रात शराब पीने के बाद आपसी विवाद पर तीन दोस्तों ने मिलकर अपने ही साथी की 8-9 बार चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इस मामले में पांच टीम रात ही गठित कर तीनों आरोपियों को रिसाली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू व दो मोटर साइकिल को जब्त कर लिया है दुर्ग एसपी डॉ.अभिषेक पल्लव ने बताया कि बीती रात 1.30 बजे भिलाई नगर थाना को सूचना मिली कि पंथी चौक रुआबांधा के पास एक व्यक्ति लहूलुहान हालत में पड़ा है। सूचना के बाद भिलाईनगर सीएसपी निखिल राखेचा,दुर्ग सीएसपी वैभव बैंकर गश्त अधिकारी,भिलाई नगर टीआई राजेश कुमार साहू एवं थाना भिलाई नगर स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंच गए। जहां पर एक व्यक्ति खून से लथपथ पड़ा हुआ था आवाज देने पर उसके शरीर में कोई हरकत नहीं था। तलाशी लेने पर जेब में रखे विजिटिंग कार्ड के माध्यम से परिजन को सूचना दी। मृतक की शिनाख्त धमर्राज सोनानी (24 वर्ष) निवासी गांधी चौक रुआबांधा बस्ती के रुप में की। इसके बाद प्रार्थी अजय ताण्डी (30 वर्ष) निवासी सेक्टर 10 सड़क 20 ने पुलिस को बताया कि उसका साला मृतक धमर्राज सोनानी को उनके दोस्त बाली जाल(20वर्ष) निवासी सेक्टर-9 सड़क 32, सुमीत जाल (20वर्ष) निवासी हुडको एवं शंकर तांडी (23वर्ष) निवासी सेक्टर-9 सड़क 32 अपने साथ अपने मोटर साइकिल मे बिठाकर लेकर गये थे। जांच में पता चला कि शराब पाने के बाद आपसी विवाद में तीनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद से तीनों फरार हो गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 302,34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया।

पुलिस पूछताछ में हुआ चौकाने वाला खुलासा- दुर्ग एसपी डॉ.पल्लव ने के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि विक्की नाम के व्यक्ति ने मुख्य आरोपी बाली जाल के खिलाफ गांजा बेचने की शिकायत पुलिस से की थी। जिससे नाराज मास्टर माइंड आरोपी बाली ने अपने साथियों के साथ उसकी हत्या का प्लान बनाया,परन्तु मृतक धर्मराज विक्की का साथी था और वह आरोपियों के निशाने पर आ गया। तीनों ने मिलकर धर्मराज सोनानी की 8-9 बार चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी।

घर के पीछे झाड़ी में फेक दिया था चाकू- भिलाईनगर सीएसपी निखिल राखेचा ने बताया कि आरोपी घटना के बाद मोटर साइकिल से सोमनी ढाबा में खाना - खाने चले गए थे। वापस लौटे तो रिसाली में पुलिस ने पकड़ लिया। घटना में प्रयुक्त चाकू को आरोपी बाली घर के पीछे झाड़ी में चाकू फेंक दिया था। आरोपी बाली जाल के खिलाफ पूर्व में भी थाने में अपराध दर्ज हैं। वहीं मृतक होटल में काम करता था उक्त कार्यवाही में थाना भिलाई नगर से उनि दिनेश कुमार भागवत ठाकुर सउनि गुमेश्वर यादव प्र आर प्रेम कुमार सिंह, आर मानसिंह, दिलीप सिदार हेमेन्द्र कुर्रे. मनोज महोबे, सुमन मडावी तोषण चन्द्राकर एसीसीयु टीम के सउनि पूर्ण बहादुर आर अनुप शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर की टीम प्र और अभिषेक जानें, आर भीम सिंह,, आर रोहन दुबे, लिनेश वर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग की टीम में आर नासिर बहस, किशोर सोनी, जावेद खान एवं गौर सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही

विशेष स्वच्छता अभियान में तालाबों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई की जा रही

भिलाई, 23 फरवरी। स्वच्छता को लेकर 25 फरवरी तक विशेष गतिविधियां निगम के द्वारा जन सहयोग से आयोजित की जा रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 एवं कचरा मुक्त शहर के लिए भिलाई निगम के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां अपनाई जा रही है। इसके लिए 20 फरवरी को स्वच्छता का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है जो आगामी 25 फरवरी तक चलेगा। स्वच्छता के महाभियान का हिस्सा बनने के लिए महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास ने भी सभी से अपील की है तथा अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को जोडक़र स्वच्छता कार्यक्रम के तहत अपनाई जा रही विशेष गतिविधियों में शामिल करने कहा है। प्रथम दिन तालाबों, सार्वजनिक स्थलों एवं धार्मिक स्थलों की सफाई जनप्रतिनिधि, राजीव युवा मितान क्लब तथा आम नागरिकों के सहयोग से किया गया। दूसरे दिन खुले प्लाट एवं सडक़ों पर बिखरे मलबे को साफ करने का काम किया गया साथ ही कचरा फैलाने वालों को नोटिस जारी करने तथा उनसे अर्थदंड वसूल करते हुए मलबा की सफाई करने कहा गया। तीसरे दिवस को व्यवसायिक परिसरों में प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त भिलाई के लिए जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया इसके अलावा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय करने वाले व्यवसायियों से अर्थदंड वसूला गया। अब अगले क्रम में निकाय क्षेत्र अंतर्गत समुदायिक सह सार्वजनिक शौचालयों की सफाई का काम किया जाएगा तथा शौचालय के उपयोग के संबंध में आम नागरिकों से फीडबैक लिया जाएगा, निकाय में चिन्हित जीव्हीपी पॉइंट की सघन सफाई की जाएगी, चौक-चौराहा में इसके लिए जागरूकता के आयोजन भी किए जाएंगे। लोगों को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के दौरान सूखा कचरा अलग देने तथा गीला कचरा अलग देने जागरूक किया जाएगा।

एक नजर

वरिष्ठ साहित्यकार गणेश शंकर शर्मा जी का निधन

राजनांदगावं23फरवरी।वरिष्ठ साहित्यकार श्री गणेश शंकर शर्मा जी (सेवानिवृत्त प्राचार्य)

का दुखद निधन आज रात्रि 3ः00 बजे हो गया है। वे डॉक्टर चंद्रशेखर शर्मा ,डॉक्टर मिथिलेश शर्मा एवं डॉ मृणाल शर्मा के पिता थे और गोविंद शर्मा के बड़े भाई थे।उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास भरका पारा राजनांदगांव से संध्या 4ः30 बजे मठपारा स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी । उनके निधन से संस्कारधानी को अपूरणीय क्षति हुई है ।ईश्वर उनकी आत्मा को शांति तथा दुखी परिवार जनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे ।

भारत लाल साहू का निधन

नगरी 23 फरवरी। तहसील साहू समाज नगरी के संचालक मंडल के अध्यक्ष श्री बृजलाल सार्वा एवं श्री अरुण सार्वा के पिता श्री भारत लाल साहू(सार्वा) 92 वर्ष का

असामयिक निधन बुधवार को हो गया। ज्ञात हो कि श्री भारत लाल साहू के नगर व्यवस्था समिति नगरी का अध्यक्षीय कार्यकाल उल्लेखनीय रहा है। सांकरा रोड नगरी में स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न हुए अंतिम संस्कार में नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

गोधन न्याय योजना से पशुपालकों को मिल रहा लाभ

राजनांदगांव 23 फरवरी । छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत संचालित गौठानों में गोबर क्रय, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं बिक्री तथा आजीविका से संबंधित गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसके तहत ग्रामीण एवं शहरी पशुपालकों की अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। गोधन न्याय योजना ग्रामीण एवं शहरी पशुपालकों की आय और रोजगार का प्रभावी विकल्प बन गई है। जिले में बहुतायत की संख्या में किसानों द्वारा पशुपालन का व्यवसाय किया जाता है। गाय एवं भैंस वंशीय पशुओं के गोबर की व्यवस्थित ढंग से उपयोग नहीं होने, वैज्ञानिक पद्धति से ऑर्गेनिक खाद का उत्पादन नहीं करने एवं खुले पशुओं द्वारा उत्सर्जित गोबर को एकत्र नहीं करने के कारण किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा था। अब गोधन न्याय योजना से गोबर से निर्मित वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट जैसे ऑर्गेनिक खाद से किसानों के खेतों में जैविक खेती की दिशा में उत्कृष्ट पहल की जा रही है। रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का उपयोग कम होने से भूमि, जल, वायु, पर्यावरण के प्रदूषण को कम करके भोज्य श्रृंखला में रासायनों के अवशेष को कम किया जा रहा है। जिससे खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता में सुधार होने क पूर्ण संभावना है।

अगर सनातनी एक नहीं हुए तो देश टूट जाएगा:जूदेव

जशपुर 23 फरवरी। धर्म जागरण समन्वय विभाग एवं आर्य समाज के तत्वाधान में माता पुजारी सम्मेलन बूढ़ीमाई धाम, चिकनीपाली के इमलीपारा (बागबहार, जशपुर) में 36 परिवार के 250 धर्मांतरित सदस्यों की सनातन धर्म में वापसी हुई। अखिल भारतीय घर वापसी अभियान के प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने पूजा अर्चना एवं शुद्धिकरण हवन के पश्चात उनके पैर गंगाजल से धोकर घर वापसी कराई। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय, सरपंच संघ, डॉ. बीएल भगत, कैलाश अग्रवाल, पंत राम भगत (वनवासी कल्याण आश्रम) सुरेंद्र बेसरा, आनंद शर्मा एवं अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से आचार्य राकेश जी की उपस्थित रही, जो कि संत पदयात्रा के नेतृत्वकर्ता के रूप में हिंदुत्व की रक्षा के लिए शुरू हुई जशपुर से रायपुर पदयात्रा में निकले हैं । प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने बताया कि जनजातियों के धर्मान्तरण के पीछे राष्ट्र को खंडित करने का षड्यंत्र है। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे धर्मांतरण एवं बस्तर संभाग के नारायणपुर में आदिवासी समाज के ऊपर होते मिशनरी अत्याचार से जनजातीय संस्कृति को नष्ट करने की मिशनरी माफियाओं का गहरा षड्यंत्र है। हमारे लोगों की दिनदहाड़े हत्याएँ हो रही हैं।प्रशासनिक अधिकारियों के ध्यानाकर्षण के बावजूद सरकार की निष्क्रियता शक के दायरे में है। इसके विरोध में पूरे हिंदू समाज को संगठित होने की जरूरत पर जोर देते हुए प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा अगर सनातनी एक नहीं हुए तो देश टूट जाएगा!

धर्मनाथ जिनालय व जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

रायपुर 23 फरवरी। दस दिवसीय धर्मनाथ जिनालय एवं जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी प्रतिष्ठा महोत्सव गुरुवार से प्रारम्भ हो रहा है। इसकी पहली कड़ी में सुबह जल शोभायात्रा के रूप में खारून नदी तट से जल लेकर जैन समाज की श्रावक-श्राविकाएँ श्री सम्भावनाथ जिनालय विवेकानंद नगर पहुंचेंगी। जहां गच्छाधिपति, आचार्य भगवं, साधु साध्वी भगवन्तो का आशीर्वाद लेंगी। अंजनशालाका, प्रतिष्ठा, दीक्षा संपन्न करवाने 70 साधु-साध्वी रायपुर पधार चुके हैं। गच्छाधिपति, आचार्य भगवन्तो ने अपने हितोपदेश में आज सभी को परमात्मा को अपने ह्रदय में उतारने और प्रतिष्ठित करने हेतु हित शिक्षा दी है, गुरु के पथ पर चलने से परमात्मा प्राप्त होते है इसलिए गुरु के द्वारा बताये मार्ग पर सदा चलना चाहिए।

इस बार भी होली पर ग्रामीण महिलाओं के बनाए हर्बल गुलाल की चलेगी बयार

- छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाएं बढ़ा रही हैं स्वावलंबन की दिशा में बड़ा कदम
- पालक, लालभाजी, हल्दी, जड़ी-बुटी व फूलों से हो रहा है हर्बल गुलाल बनाने का कार्य
- पिछली बार की मांग को देखते हुए इस बार ज्यादा हर्बल गुलाल का उत्पादन करने का लक्ष्य

रायपुर 23 फरवरी। एक वक्त था कि बाजार में केमिकल युक्त रंग गुलाल के अलावा कुछ उपलब्ध नहीं था। हर बार होली के त्यौहार पर त्वचा संबंधी बीमारियों को लेकर लोग परेशान रहते थे। लेकिन मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा गोधन न्याय योजना की शुरूआत के बाद केमिकल युक्त गुलाल अब लोगों के जीवन से दूर हो चले हैं। गोधन न्याय योजना से जुड़ी महिलाएं स्व सहायता समूहों के माध्यम से न सिर्फ वर्मी कंपोस्ट तैयार कर रही हैं बल्कि हर्बल गुलाल के उत्पादन में भी अग्रसर होकर स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं।

समूह की महिलाएं पालक, लालभाजी, हल्दी, जड़ी- बुटी व फूलों से हर्बल गुलाल बनाने का कार्य कर रही हैं और इसमें किसी भी तरह का केमिकल नहीं मिलाया जाता है। इसके अलावा मंदिरों एवं फूलों के बाजार से निकलने वाले पुराने फूलों की पत्तियों को सुखाकर प्रोसेसिंग यूनिट में पीसकर गुलाल तैयार किया जा रहा है। फूलों के साथ ही चुकंदर, हल्दी, आम और अमरूद की हरी पत्तियां को भी प्रोसेस कर इसमें मिलाया जाता है।

गत वर्ष हर्बल गुलाल की मांग को देखते हुए इस बार होली पर्व को लेकर बिहान समूह से जुड़ी महिलाएँ हर्बल गुलाल की तैयारी में दिन रात जुटी हुयी हैं। हर्बल गुलाल की खासियत ये है कि ये पूरी तरह से केमिकल रहित होता है और इसके इस्तेमाल से कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता है। हर्बल गुलाल में रंग और महक के लिए प्राकृतिक फूलों का ही इस्तेमाल किया जाता है। बिहान समूह की महिलाओं के द्वारा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हर्बल गुलाल का निर्माण किया जा रहा है और इसकी मांग पूरे प्रदेश में है। महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों की इस मेहनत से उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं और वे आर्थिक स्वावलंबन की तरफ अग्रसर हो रही हैं। महासमुंद जिले के ग्राम पंचायत डोगरपाली की जयमाता दी समूह की सदस्य श्रीमती अम्बिका साहू का कहना है कि उन्होंने गत वर्ष होली में 50 किलो हर्बल गुलाल बनाया था और ये पूरा हर्बल गुलाल बिक गया था। पिछली बार की मांग को देखते हुए इस बार ज्यादा हर्बल गुलाल का उत्पादन करने का लक्ष्य है। इस गुलाल के प्रयोग से त्वचा को किसी तरह का नुकसान नहीं होता है। विहान समूह की महिलाओं का कहना है कि उनका ये भी प्रयास है कि वो लोगों को हर्बल गुलाल के फायदे को समझाएं ताकि लोग इन्हें ज्यादा से ज्यादा अपनाएं और खुशी के साथ होली का पर्व मनाएं ।

भाजपा मंडल कुकरेल के शक्ति केन्द्र सलोनी में हुई बैठक

नगरी/कुकरेल 23 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी मंडल-कुकरेल के शक्ति केन्द्र बाजार कुर्रीडीह, सलोनी और ग्राम छुही में कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुआ बैठक में विशेष रूप से कुकरेल मंडल के प्रभारी श्री विकल गुप्ता जी उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया

कार्यकर्ताओं संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी विकल गुप्ता ने कहा की आज भूपेश बघेल कांग्रेस सरकार के राज में जनता परेशान है किसान हलकान है प्रदेश की महिलाएँ अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं गरीबों को उनकी हक का प्रधानमंत्री आवास नही दिया जा रहा है ऐसे कांग्रेस सरकार को आने वाले चुनाव में हराने की बात कही इस अवसर पर कुकरेल मंडल अध्यक्ष वामन साहू, महामंत्री अजय यादव, संजय शांडिल्य, महिला मोर्चा अध्यक्ष ईश्वरी नेताम, महामंत्री रीतु साहू, जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव, बूथ अध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू, डागेशवर चन्द्राकर निरंजन साहू, वनलाल साहू, सियाराम साहू, बूथ पालक भानुप्रताप साहू, शत्रुहन साहू, टिकेश्वर साहू, पोषण साहू, टेमन निषाद, यादों राम साहू, राजेश सिन्हा, प्रीतम साहू, पवन साहू, तीरथ राम साहू, सुरेश कुमार, यशपाल साहू, केश कुमार सिन्हा, अजय ध्रुव, श्रीमती यामिनी सिन्हा, दयाबती साहू, मीना बाई निषाद, शान्ति बाई सिन्हा, टिकेश्वरी बाई पटेल, नारायणी बाई, रम्भा बाई ध्रुव, कौशिल्या बाई, केकती बाई साहू, बिन्दु बाई साहू, कृष्णा बाई सिन्हा, नरेश कुमार मरकाम परस राम ध्रुव, दिलीप कुमार सिन्हा, हेमलाल साहू शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष बेदलाल साहू, मिश्रा राम ध्रुव सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए स्मार्ट टीवी दान बना जन आंदोलन

राजनांदगांव 23 फरवरी । कलेक्टर श्री डोमन सिंह की दूरदर्शिता और सामाजिक सरोकार की दिशा में एक दूरगामी सोच ने जिले की सूरत और सिरत बदलने की दिशा में बरबस चल पड़ा है। कलेक्टर श्री सिंह की पहल और प्रयास से आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों के लिए स्मार्ट टीवी लगातार दान में मिल रहे हैं। सामाजिक सहभागिता और लोगों की स्वस्फूर्त प्रेरणा से स्मार्ट टीवी दान में मिल रहे हैं। जिले के एबीस ग्रुप के श्री अंजुम अली ने जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 100 नग स्मार्ट टीवी दान में देने का संकल्प लिया है। उन्होंने आज कलेक्टर और स्थानीय जनप्रतिनिधियों व सरपंचों की उपस्थिति में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत दीवानभेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 12 नग स्मार्ट टीवी दान में दिए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि जिले के समाजिक संगठन, व्यापारिक संगठन के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आपसी सहभागिता से सामाजिक सरोकार की दिशा में अपना योगदान दे रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि आज जो स्मार्ट टीवी आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए दान में मिले हैं, वह बच्चों के शिक्षा, संस्कार व भविष्य गढने के साथ-साथ समाज के निर्माण की दिशा में ब्रम्हास्त्र का कार्य करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई चिराग नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की नीव आंगनबाड़ी केंद्र होती है। प्रारंभिक स्तर पर ही हम आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को मजबूती के साथ शिक्षा व संस्कारित करेंगे तो आने वाला भविष्य सुदृढ़ होने के साथ-साथ मजबूती के साथ समाज को एक दिशा दिखाने का कार्य करेगा।

बिहान मेला में समूह की महिलाओं के हुनर से बन रही पहचान

- बिहान मेला में 16 लाख 19 हजार रुपए के सामग्री की हुई बिक्री
- बैंक लिंकेज के माध्यम से 11 करोड़ 97 लाख रुपए की दी गई स्वीकृति
- बिहान मेला में रहा उत्साह का माहौल

राजनांदगांव 23 फरवरी। जिले के बिहान महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं के चेहरों पर उजास मुस्कान, आत्मविश्वास और खुशहाली बयां कर रही है। बिहान की समूह की महिलाओं ने बिहान मेला के माध्यम से कामयाबी के नये आयाम प्राप्त किये हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बन रही है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह की पहल पर जिले में व्यापक स्तर पर सभी विकासखंडों में तथा जिला स्तरीय बिहान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें समूह की महिलाओं को अपने हुनर को प्रदर्शित करने तथा अपने उत्पादों की बिक्री के लिए बहुत अच्छा अवसर मिला। बिहान मेला में उत्सव की तरह माहौल रहा और नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिला। इसका सुखद परिणाम यह रहा कि जिले में आयोजित चार बिहान मेला में 242 महिला समूह के लगभग 16 लाख 19 हजार रूपए के सामग्री की बिक्री हुई। जिले भर के बिहान समूह की महिला ने बिहान मेला में शामिल हुई। जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार के निर्देशन में चार बिहान मेला के सफल आयोजन से समूह की महिलाओं में बहुत उत्साह रहा। बैंक लिंकेज के माध्यम से समूह की महिलाओं को विभिन्न कार्यों के लिए 11 करोड़ 97 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई। जिले भर के 242 समूह की लगभग 600 से अधिक सदस्य इसमें शामिल हुई। इस दौरान समूह की महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। विविध उत्पाद के निर्माण के लिए प्रशिक्षण देने के साथ ही प्रोडक्ट के ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि बिहान मेला में स्वसहायता समूह द्वारा हल्दी, मिर्च, धनिया, आचार, अगरबत्ती, करी लड्डू, चकोली, पेडिया, पापड़, फिनाइल, बैग निर्माण, मशरूम, दाल बड़ी, झाड़ू निर्माण, सेनेटरी नेपकिन, मोमबत्ती, बड़ी, साबुन सहित विभिन्न उत्पाद वेरायटी में उपलब्ध रहा। फूड जोन में छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, भजिया, गुलगुला भजिया, बड़ा, जलेबी, चॉट गुपचुप एवं खाद्य सामग्री की ब्रिकी हुई स्वसहायता समूह द्वारा बांस से निर्मित उत्पाद घड़ी, पेन स्टैंड, मोबाईल स्टैंड डिजाईन, वॉल हैंगिंग, लेटर पैड, ब्रश स्टैंड, स्टैंड पॉट, छोटा कुर्सी, रेक, टेबल, मोबाईल स्टैंड, पान दान, कुर्सी, पॉट नाव, कुर्सी, डब्बा सेट, सूखा मशरूम, जिमीकंद की खेती, मसाला उद्योग के उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई गई।

कांग्रेस महाअधिवेशन पर 85 कटे-फटे होंठ वाले आदिवासी बच्चों के चेहरे संवरेंगे

- कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ द्वारा चार दिवसीय शिविर में 85 बच्चों का परीक्षण व ऑपरेशन
- शिविर के प्रथम दिवस बस्तर अंचल के 38 आदिवासी बच्चों का परीक्षण व ऑपरेशन

रायपुर 23 फरवरी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85 वें राष्ट्रीय महाअधिवेशन के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ द्वारा कटे फ़टे होंठ व तालु में छिद्र वाले बच्चों का चार दिवसीय निःशुल्क परीक्षण व ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया है । प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि 85 राष्ट्रीय महाअधिवेशन के अवसर पर 85 कटे फ़टे होंठ वाले आदिवासी बच्चों का परीक्षण व ऑपरेशन डॉ सुनील कालड़ा द्वारा किया जावेगा ।

महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि कई बच्चों के जन्म से कटे फ़टे होंठ व तालु में छिद्र की विकृति होती है जिससे बच्चे कुरूप दिखने लगते हैं , तालु में छिद्र से खाने पीने में दिक्कत होती है । बच्चों के होंठों का ऑपरेशन कर चेहरे को संवारा जाता है । प्राइवेट में ऑपरेशन कराने वालों को 25 से 30 हजार का खर्च होता है । कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ द्वारा डॉ सुनील कालड़ा (कालड़ा नर्सिंग होम , चौबे कालोनी) व स्माईल ट्रेन के माध्यम से निःशुल्क ऑपरेशन किया जावेगा । कटे फ़टे होंठ के ऑपरेशन शिविर में आज सूदूर बस्तर आदिवासी अंचल से कमलबती 15 वर्ष , खिलेश्वरी 8 वर्ष , किशोर 10 वर्ष , बनीराम 2 वर्ष , डोमरो राम 2 वर्ष , गौरव 8 वर्ष , नयरा 1 वर्ष , नरेश बघेल 8 वर्ष , कुमारी 13 वर्ष , बिसनाथ 5 वर्ष , गुलशन 6 वर्ष आदि 38 बच्चों का परीक्षण कर डॉ सुनील कालड़ा ने सफल ऑपरेशन किया । महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने आगे बताया कि कटे फ़टे होंठ के ऑपरेशन शिविर के साथ ही कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ कांग्रेस के 85 वें राष्ट्रीय महाअधिवेशन पर 85 दिव्यांगों को श्रवण यन्त्र , कैलिपर्स , कृत्रिम हाथ , जयपुर पैर , व्हीलचेयर आदि वितरित करेगा । विजय चोपड़ा ने बताया कि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कोचर द्वारा पिछले 42 वर्षों में लगातार विकलांगों की सेवा में अनेक कार्य किये जा रहे हैं । हाथ पैर कटे विकलांग भाई बहनों को कृत्रिम हाथ पैर का निर्माण कर वितरण किया जाता है । गूंगे बहरों को श्रवण यन्त्र , अन्य विकलांग व्यक्तियों को वैशाखी , ट्राइसिकल , व्हीलचेयर आदि का सहयोग प्रदान किया जाता है । महेन्द्र कोचर द्वारा विगत वर्षों में 50 हजार से ज्यादा दिव्यांग लाभान्वित हुए हैं ।

भारत स्काउट्स गाइड्स ने मनाया विश्व चिंतन दिवस

रायपुर 23 फरवरी। राजेन्द्र नगर स्थित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट बैडेन-पॉवेल एवम उनकी पत्नी चीफ गाइड, लेडी ओलेव पावेल की जयंती मनाई गई। इसके अलावा भारत स्काउट्स गाइड्स जिलासंघ रायपुर द्वारा श्री बालाजी विद्धया मंदिर, देवेंद्र नगर, रायपुर में विश्व चिंतन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्व धर्म प्रार्थना के साथ हुआ, तत्पश्चात छत्तीसगढ के वरिष्ठ स्काउटर एवम भारत

स्काउट्स गाइड्स राष्ट्रीय रूल्स कमेटी के सदस्य श्री बी.रमेश पटनायक ने विश्व चिंतन दिवस मनाने के उद्देश्यों को विस्तार पूर्वक बताया । विश्व चिंतन दिवस कार्यक्रम में भारत स्काउट्स गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय आयुक्त, एवं पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त ओर जिला अध्यक्ष संघ रायपुर श्री जी स्वामी जी दिप प्रज्जवलित पुष्प अर्पित नमन किये आज के दिन पुरे विश्व चिंतन दिवस मनाया जाता है संदेश दियें , श्री बालाजी विद्या मंदिर प्रबंधन समिति के सचिव के. एस. आचार्य जी, कंचन के. नायडू कोषाध्यक्ष, टी. सुरेश सदस्य तथा सहायक राज्य आयुक्त एवम राज्य समन्वयक यू. एम. मुकादम, श्रीमती गायत्री सिंग उपाध्यक्ष , मृत्युंजय शुक्ला जिला सचिव,श्रीमती लीना वर्मा संयुक्त सचिव, बालक दास राऊत डी. ओ. सी.(स्का) कु.दामिनी नाग डी. ओ. सी. (गा), रामपाल तिवारी लीडर्स ट्रेनर, मुकेश बोरकर विकास खंड सचिव , दिनेश कुमार देवांगन, नमन साहू,ओमप्रकाश जागडे सहित अन्य स्काउटर/गाइडर व स्काउट्स गाइड्स संपूर्ण कार्यक्रम में बालाजी विद्या मंदिर के स्काउट गाइड रोवर रेंजर अन्य बच्चे भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री बालाजी विद्धया मंदिर की प्राचार्या श्रीमती फेनी जयप्रकाश ने विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर हमारी दुनिया हमारा शान्तिपूर्ण भविष्य थीम पर अपने अभिवादन में प्रकाश डालते हुए समझाया गया ओर बच्चों को शुभकामनाएं दी। सभी बच्चों को फल मिठाई ,चॉकलेट बाँटा गया। महाराणा प्रताप वीर स्कूल बिरंगाव ,मेक कालेज समता कालोनी, अर्पण दिव्याक स्कूल,आदि स्कूल कालेज अपने अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये।

भागवत कथा के पहले निकली शोभायात्रा

भाटापारा 23 फरवरी। ग्राम ढाबाडीह मे संगीतमय भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है इस अवसर पर शोभा यात्रा निकाला गया और राम कृष्ण महाराज द्वारा 22 को प्रथम दिवस सुखदेव जी एव राजा परीक्षित की कथा का बखान किया गया वराह अवतार में बताया की जब प्रभु देने मे आते है तो सुदामा को तीन मुट्ठी चावल मे पूरा संसार देने को तैयार हो जाते है और अगर लेन में आते है तो तीन पग में राजा भी क्यों न हो सब कुछ ले लेते है इस लिए मोह, अभिमान को त्याग कर श्री कृष्ण का भजन करना उचित है। परदेशी, सावित्री, शिव कुमार ,अनिल साहू का भागवत आयोजन में सहयोग हैं उक्त जानकारी यशवंत साहू (लालू कुमार) मीडिया प्रभारी ने दिया और 1 मार्च तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन मे 1 से शाम 5 बजे तक आने की अपील की है ।

प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए मिलेगा प्लेटफार्म

राजनांदगांव 23 फरवरी। कलेक्टर श्री डोमन सिंह जिले में अपने नित्य नए-नए प्रयोग के लिए जिले का गौरव बन रहे हैं। कलेक्टर ने अपनी दूरदर्शिता के चलते जिला ग्रंथालय में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को एक अवसर मुहैया कराने के उद्देश्य से ई-लाइब्रेरी की सुविधा को नए आयाम देने जा रहे हैं। उन्होंने जिला ग्रंथालय लाइव के प्रथम तल पर 18 लाख रूपए की लागत से ई-लाइब्रेरी क्लासरूम बनाने की स्वीकृति दी है। आज उन्होंने यहां पहुंचकर विभिन्न स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा की पुस्तकों का युवाओं को वितरण कर ई-लाइब्रेरी क्लास रूम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे राजनांदगांव जिले से जुड़े हुए हैं। उनकी शिक्षा राजनांदगांव जिले से ही हुई है और यहां से वे आज इस मुकाम पर पहुंचे हुए हैं। कलेक्टर ने कहा कि उन्हें एक अवसर मिला है कि वे जिले के लिए कुछ करें। इस दिशा में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को अवसर देने के उद्देश्य से ई-लाइब्रेरी क्लास रूम बनाने का संकल्प लिया है। कलेक्टर ने कहा कि इससे प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिलेगी। ई-लाइब्रेरी क्लास रूम के माध्यम से पीएससी, यूपीएससी, इंजीनियरिंग, मेडिकल जैसे प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। लाइब्रेरी का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, एसडीएम श्री अरूण वर्मा, डीएमसी श्री सतीश ब्यौहारे सहित अन्य अधिकारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कुलपति चयन का विरोध करने वाले कांग्रेसी समझ लें कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती:संदीप शर्मा

रायपुर 9 फरवरी। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीप शर्मा ने रविशंकर विश्व विद्यालय के कुलपति को बाहरी बताने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कुलपति चयन का विरोध करने वाले कांग्रेसी समझ लें कि काठ की हांडी बार बार नहीं चढ़ती। कांग्रेस शिक्षा के क्षेत्र में भी निम्न स्तर की राजनीति कर रही है। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति चयन के समय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनीति कर राज्यपाल के कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप किया था। रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति चयन को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने यही राजनीति करने चिट्ठी बाजी की। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को जनता की जरा भी चिंता नहीं है। शराब की नदियां बहाने वाली, कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार करने वाली, छत्तीसगढ़ की स्वसहायता समूह की बहनों से रोजगार छीनने वाले किस मुंह से छत्तीसगढ़िया की बात करते हैं।

रायपुर 23 फरवरी। भा. ज. पा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक श्री सुभाष अग्रवाल ने पूर्व पार्षद रमेश आहूजा के साथ अपना जन्मदिन मनाया इस अवसर पर राम जगत नीरज पांडे अजय सोना जीवराखन दास पप्पू बघेल आदि उपस्थित थे।

संपादकीय

कांग्रेस ने एक मुद्दा और छीन लिया

राजनीति में वही नेता होशियार माना जाता है जो विपक्ष के लिए एक मुद्दा नहीं छोड़ता है। विपक्ष हैरान परेशान रहता है कि वह उठाए तो कौन सा मुद्दा उठाए। जनता का समर्थन कैसे जुटाए। सत्तारूढ़ दल के वोट बैंक में कैसे सेंध लगाए। भूपेश बघेल ऐसे ही नेता है, वह विपक्ष से एक एक मुद्दा छीनते जा रहे हैं। अब उन्होंने राज्य के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता अगले सत्र से देने का फैसला किया है। यह विपक्ष के लिए एक बड़ा मुद्दा था। जब तक कांग्रेस ने यह वादा पूरी नहीं किया था तो भाजपा इस मुद्दे को उठाकर सरकार को सवालों के कठघरे में खड़े करती थी। सरकार से पूछती थी यह वादा सरकार कब पूरा करेंगी। सरकार ने बेरोगकारी भत्ता देने का फैसला अपने कार्यकाल के आखिरी साल में किया है। वह इस वादे को पहले भी पूरा कर सकती थी,लेकिन यह वादा कांग्रेस की प्राथमिकता सूची में ऊपर नहीं था। कोरोना काल में राज्य की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी, इसलिए भी इस वादे को बाद में पूरा करनेका फैसला किया है। राज्य के युवा भा उम्मीद कर रहे थे सरकार उनको बेरोजकार भत्ता देगी लेकिन कब देगी उन्हें भी यह पता नहीं था. सरकार ने फैसला किया है तो लगता है कि बेरोजगारों को भत्ता एक ही साल दिया जाएगा। यह वादा पहले साल ही पूरा कर दिया गया होता तो इसका ज्यादा फायदा बोरोजगारों को मिलता। एक ही साल बेरोजगीर भत्ती मिलने से युवाओं को लगेगा कि सरकार ने एक साल तो बेरोजगारी भत्ता दिया लेकिन चार साल का बेरोजगभारी भत्ता तो दिया नहीं । भाजपा इस स्थिति का फायदा उठाकर मांग कर सकती है कि सरकार बेरोजगारी भत्ता युवाओं को देना चाहती है तो पूरे पांच साल का एक साथ दे। युवा को एक साल बेरोजगारी भत्ता देकर कांग्रेस कह तो सकती है कि उसने बेरोजगारों से जो वादा किया था , वह तो पूरा कर दिया है। कोई यह तो नहीं कह सकता कि कांग्रेस ने युवाओं को बेरोजगार भत्ता देने का वादा किया था और वह पूरा नहीं किया। कांग्रस कह सकती है कि वह जो वादा करती है उसे पूरा भी करती है। इसका मतलब यह नहीं है कि कांग्रस ने जो वादे चुनाव में किए थे, वह सब के सब पूरे हो गये हैं। अभी भी कई वादे हैं जो कांग्रेस ने पूरे नहीं किए हैं। शराबबंदी का वादा ऐसा ही वादा है, कर्मचारियों का नियमितीकरण आदि वादे ऐसे ही जिसे कांग्रेस अब तक पूरा नहीं कर सकी है। इसमें शराबबंदी का वादा एक बड़ा वादा है, यह वादा सरकार ने राज्य की महिलाओं से किया था। इस वादे के कारण है राज्य की महिलाओं ने कांगेस को वोट देकर उसे जिताया था। सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि शराबबंदी का वादा भी पूरा किया जाएगा। सरकार इसके लिए प्रयास कर रही है। समितियों का गठन किया गया है।समितियां अपना काम कर रही है। वह सरकार को बताएंगी कि राज्य मे शराबबंदी कैसे की जा सक्ती है। शराबबंदी का वादा करते वक्त सरकार को अंदाजा नहीं थी कि यह वादा पूरा करना कोई मुश्किल काम है लेकिन सत्ता मिलने के बाद कांग्रेस सरकार को यह वादा पूरा करना ही सबसे मुश्किल काम लग रहा है। कोरोना के चलते राज्य का आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई थी, इसलिए दो साल तक तो सरकार शराबबंदी कर ही नहीं सकती थी। सरकार जानती है कि शराबबंदी का मतलब है कि पांच से छह हजार करोड़ रुपए का घाटा। सरकार को बहुत से कामों के लिए अभी पैसे की जरूरत है, इसलिए वह शराबबंदी का वादा पूर नहीं कर पा रही है।वह इस वादे को टालती जा रही हौ। उसे यह वादो तो पूरा करना ही होगा। भले की बेरोजगार भत्ते की तरह कार्यकाल के आखिरी साल में करना पड़े। यह वादा कांग्रेस पूरा नहीं करती है तो उसे राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। उसके सामने दो ही रास्ते हैं, वह वादे को पूरा करे या फिर इस वादे को पूरा न करने से जो राजनीतिक नुकसान होगा उसकी भरपाई करने कोई जुगाड़ करना होगा। शराबबंदी नहीं करने का मतलब है कि महिलाओं का नाराज करना। इस स्थिति का फायदा भाजपा उठाएगी तथा वह महिलाओं से कहेगी कि इस सरकार ने आपसे वादा किया लेकिन उसे पूरा नहीं किया।यह वादा करके उसे पूरा नहं करने वाला सरकार है। वादाखिलाफी का नुकसान क्या होता है तता कितना होाता यह तो भाजपा खुद जानती है। भाजपा ने वादाखिलाफी की तो उसका खामियाजा भुगतना पड़ा था।अब कांग्रेस वादाखिलाफी करेगी तो उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

आज का राशिफल

मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)-आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को पूरा करने में समय व्यतीत करेंगे। आपकी योग्यता उभरकर सबके सामने आएगी। इस समय ग्रह गोचर आपके पक्ष हो गए है। घर तथा व्यवसाय संबंधित कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी लेंगे। जीवनसाथी या मित्र का भरपूर सहयोग मिलेगा व बातचीत भी होंगी जिससे मानसिक दबाव दूर होगा।

वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)-आज कड़ी मेहनत व परिश्रम से बेहतर उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं को कार्य रूप देने से पहले किसी जानकार के साथ अच्छी तरह सलाह-मशविरा अवश्य कर लें। नौकरी में तबादला या किसी प्रकार का मनमुटाव हो सकता है, इसलिए सावधान रहें। स्वास्थ्य लाभ होगा।

मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)-आप में हिम्मत और साहस भरपूर रहेगा। अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कोई भी तरीका अपनाकर सफलता हासिल करेंगे। किसी मनोहर जगह जाकर बदलते मौसम और प्रकृति का आनंद उठाने का भी मौका मिलेगा। सेहत बेहतर रहेगी।

कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)-समय तरक्की दायक चल रहा है। लक्ष्य को पाने के लिए जी तोड़ मेहनत करेंगे। मीडिया, कला, ऑनलाइन आदि से संबंधित कार्यों में विशेष सफलता हासिल होगी। आर्थिक मामलों पर गंभीरता से विचार करना अति आवश्यक है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)-आज कुछ अनूठा या नया करने की धुन सवार रहेगी। रूपए-पैसे के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। विशेष तौर पर महिलाओं के लिए समय बहुत ही अनुकूल है। उन्हें अपनी योग्यता व कार्य क्षमता का प्रदर्शन करने का भरपूर मौका मिलेगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)-बॉस व अधिकारियों के साथ रिश्ते अच्छे बने रहेंगे। धन प्राप्ति के योग प्रबल बने हुए हैं इसलिए अपने काम के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्रचित्त रहें। सहकर्मियों का भी पूर्ण सहयोग रहेगा। किसी मित्र की सलाह आपके व्यवसाय के लिए बहुत ही लाभदायक रहेगी।

तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)-काम में विस्तार की योजना को कार्य रूप में परिणत करने का उचित समय है। परंतु शेयर, सट्टा जैसे रिस्की काम में निवेश करने से बचें। नौकरी में बॉस या अधिकारियों के साथ किसी बात को लेकर मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं।

वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)-आज फोन द्वारा कोई महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त होगी जो कि भविष्य संबंधी कार्यों के लिए फायदेमंद साबित रहेगी। परिवार तथा परिवार जनों की जरूरतों व इच्छाओं को प्राथमिकता देना उनके मन में आपके प्रति सम्मान उत्पन्न करेगा।

धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)-व्यवसायिक गतिविधियों में अपने प्रतिद्वंद्वियों की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आप अपनी प्रतिभा के दम पर कार्यस्थल पर एक नई पहचान बनाने में सक्षम रहेंगे। अधिकारी भी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे।

मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)-आज कोई आश्चर्यचकित करने वाली घटना घटित हो सकती है। नए-नए संपर्क बनेंगे। घर में कीमती वस्तुओं की शॉपिंग भी होगी। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता परीक्षा में पूरे आत्मविश्वास से कामयाबी हासिल करेंगे।

कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)-तकनीकी कामों से जुड़े बिजनेस में बेहतरीन सफलता प्राप्त हो सकती हैं। परंतु ध्यान रखें कि कहीं पैसा अटक सकता है इसलिए आज धन संबंधी लेनदेन ना ही करें। नौकरी में त्योहारों की वजह से कार्यभार की अधिकता रहेगी। ओवर टाइम भी करना पड़ सकता है।

मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)-दिन की शुरुआत में कुछ परेशानियां सामने आएंगी, परंतु आप अपनी सकारात्मक सोच द्वारा परिस्थितियों को अपने पक्ष में करने के लिए सक्षम भी रहेंगे। आपके हाथों समाज सेवा संबंधी कोई कार्य भी संपन्न होगा, जिससे आत्मिक खुशी महसूस होगी।

कांग्रेस के लिये आगे खतरनाक मोड़ है !

राजनीति

जीएल सोनाने

कांग्रेस यह क्यों नहीं समझ रही है कि , भारत जोड़ों यात्रा के माध्यम से , कांग्रेस और या राहुल गांधी ने जो भी कमाया था , सोशल मीडिया के माध्यम से , उसे पूरी ताक़त से साफ़ किया जा रहा है। इसलिए, राहुल गांधी को अपनी जनता से जुड़ने की गतिविधि को फिर से शुरू करनी चाहिए। जहां तक रायपुर में आयोजित हो रहे अधिवेशन की बात है , तो कांग्रेस को , सबसे पहले अपने उदयपुर सम्मेलन में किये वादों को पूरा करना चाहिए। क्योंकि , कई मामलों में देखा जाये तो , कांग्रेस काफ़ी पीछे चल रही है। और इन सब बातों को ध्यान में रख ही , कांग्रेस को रायपुर सम्मेलन में , कुछ कड़वे मीठे निर्णय लेने होंगे, नहीं तो - सावधानी हटी - दुर्घटना का घटना तय है ! वैसे , आज की रामायण की शुरुआत हम , राजा दशरथ के भावावेश में दिये दो वरदान से शुरू कर रहे हैं। कांग्रेस की ज़मीन , एक दो दिन या एक दो साल में नहीं , लगातार और बार-बार बग़ैर लाभ हानि के नुक़सान का हिसाब लगाये , लिये गये निर्णयों का नतीजा है। वरना आज कांग्रेस , राज्यों से सुपडा साफ नहीं होती। हिसाब लगाइये-गोवा एक ,आन्ध्रप्रदेश दो और मध्यप्रदेश तीन और , ऐसे वैसे आधा दर्जन राज्य हैं कि , कांग्रेस यहाँ वहाँ से बिदा होती रही , और फिर लगातार होती रहीं। विश्वास रखिए, आज नहीं तो कल राजस्थान की भी नियति यही होनी है ! और होगी क्यों नहीं ? आख़िर आप कब तक युवा पीढ़ी को अंगुठा दिखाते रहोगे ? और , क्यों राजस्थान के सीएम अशोक गेहलोत को आख़िर क्या सोच कर , गुजरात चुनाव प्रभारी बनाया था ? गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मीडिया के सामने कहा कि पता नहीं क्यों हाईकमान ने मेरे अनुभव को नज़रअंदाज़ किया ? वैसे ही , आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम पर , कांग्रेस हाईकमान लगातार, मुँह पर पट्टी बांधे रहा और वह ज़गन मोहन रेड्डी को नज़रअंदाज़ करता भी रहा और , आख़िर में , जगन मोहन ने पार्टी से विद्रोह कर , अलग से पार्टी बना कर , सीएम बन गये। विधानसभा में बहुमत सिद्ध कर दिया और , फिर अगले विधानसभा चुनाव में वह फिर से जीत कर सीएम बन भी गये - स्पष्ट है कि कांग्रेस हाईकमान और उनके विजनलेस सलाहकार एकबार फिर , मुँह ताक़तें रह गये और एक और स्टेट , कांग्रेस के हाथ से , जाता रहा। ऐसे ही गोवा गया। और फिर , वहाँ कांग्रेस के विधायकों में भगदड़ मच गई। बीजेपी ने बड़ी आसानी से सरकार बना लीं। ऐसे ही , महाराष्ट्र में हुआ। और , मध्यप्रदेश में क्या हुआ ? एक मिनिट के लिए सोचें तो , ज्योतिरादित्य सिंधिया ने माँगा क्या था ? पांडवों की भाँति कुछ गाँव ! और नतीजा यह हुआ कि , वे सही में सड़क पर आ गये और , अपने साथ कांग्रेस की सरकार को भी सड़क पर ले आये ! सही मायने में कांग्रेस , कुटिल क्षत्रपों से घिरी ऐसी पार्टी बन गई है कि वे चाहते ही नहीं हैं कि , राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का परचम लहराये ! राज्यों से कांग्रेस का सुपडासाफ होना , पार्टी के क्षत्रपों की दबाव की नीति औरकेन्द्र में नेता प्रतिपक्ष तक न बन पाने की दुर्गति का ही यह परिणाम है कि देश की अन्य विपक्षी पार्टियाँ भी , कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रही हैं ! वर्ना क्या कारण है कि बिहार में कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनाने वाले नीतिश , बड़ी बड़ीबातें करते हैं और , तीस जनवरी को जम्मू नहीं पहुँचें ! शरद पवार, बड़े भले बने फिरते हैं , किंतु वे भी तीस जनवरी कोजम्मू नहीं पहुँचें ! अखिलेश यादव , शुभकामनाएँ देते हैं ,किंतु वे भी जम्मू नहीं पहुँचते हैं - तो भय्या , किस ÷ अतिसमझदार ÷ ने यह सलाह दी थीं कि , विपक्षी पार्टी प्रमुखों को ÷ पत्र ÷ भेजा जाये ! और , जब ये सभी प्रमुख नेता नहीं पहुँचें, तो उस सलाहदाता से तो पूछना चाहिये , कि ये सब क्या हुआ ? और क्यों हुआ ? किंतु यह तो होना ही था ! और यही कारण है कि सभी विपक्षी पार्टियाँ, कांग्रेस का साथ तो चाहती हैं किंतु , धोखे में रख कर ! वह ऐसे कि बीजेपी के विरूद्ध, सभी विपक्षी पार्टियाँ एक मज़बूत गठबंधन चाहती हैं , किंतु , राज्यों और केंद्र में खोते जा रहे जनाधार के कारण , कांग्रेस की दयनीय स्थिति से सभी फ़ायदा उठाना चाहती हैं ? और फिर , कांग्रेस में जिस तरह का कठोर अनुशासन है - वह सभी जानते हैं - कि कैसे , लोकसभा चुनाव के बाद , कांग्रेस सांसदों के साथ तोड़फोड़ कर , उन्हें विद्रोही बनाया जा सकता है ? क्या समय आने पर नीतिश ऐसा नहीं कर सकते हैं ? क्या ममताजी ऐसा नहीं कर सकती हैं ? और क्या शरद पवार ऐसा नहीं कर सकते हैं ? कांग्रेस की इस अतिबिकवाली कैरेक्टर के कारण ही ,सम्भवतः पार्टी, नीतीश के उन्नीस तारीख़ के बयान पर , अतिउत्साही नहीं हुई है ! असल में , कांग्रेस में निष्ठा और समर्पण ही दांव पर है। इसलिए, रायपुर अधिवेशन को यादगार बनाने की ज़रूरत है। कठोर और कड़ूवे निर्णय लेने की ज़रूरत है। युवाओं को ,ईमानदारी से आगे लाने और नेत्रत्व में सक्रिय भागीदारी से जोड़ने की ज़रूरत है। राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा में ,सक्रिय भागीदारी देने वाले युवा और उत्साही कार्यकर्ताओं को पद देने की ज़रूरत है। यह रायपुर का सम्मेलन, इस मायने में एक लम्बी लाईन खींचने वाला सम्मेलन होना चाहिए। इस सम्मेलन में कांग्रेस, एक लम्बी गहरी नींद से जागे - देश को ऐसे संदेश जाना चाहिए। निर्णय न लेने , निर्णय को लटकाये रखने की मानसिकता को त्यागने का निर्णय लेना चाहिए। प्रभावी ,दूर तक मैसेज जाने वाली सक्रियता, राज्यों के हर प्रकार के चुनावों में पार्टी हाईकमान की सक्रिय भागीदारी शुरू होने का स्पष्ट मैसेज जाना चाहिए और इस भागीदारी को ईमानदारी से दिखना भी चाहिए। राज्य पार्टी और उनकेकार्यक्रमों को भगवान भरोसे न छोड़ कर , उस पर कठोर नज़र रखना चाहिए। एक बात और , जिसे जाना हो पार्टी छोड़ कर , वो तत्काल चले जाये - किंतु , निर्णय लेने वाली पार्टी, कांग्रेस होना चाहिये ! क्योंकि, कांग्रेस के पास खोने को कुछ नहीं है। वह इतिहास की सबसे बुरी स्थिति से दो चार हो रही है। और यदि , इतनी फ़ज़ीहत के बाद भी कांग्रेस, अब भी सक्रिय, जागरूक और सचेत नहीं हुई तो सावधान , आगे ख़तरनाक मोड़ हैं ! जो संगठन या संस्था इतिहास से नहीं सिखती और नये के लिए उत्साहित और युवाओं के लिए लिये , अवसर उपलब्ध नहीं कराती , इतिहास खुद उन्हें कूडेदान में फेंक देता है। इसलिए , समय और कार्यकर्ताओं की भावना , संघर्ष और तपस्या को ध्यान में रखते हुये , कांग्रेस रायपुर अधिवेशन में , कुछ ऐतिहासिक निर्णय लें और , एक नई इबारत लिखें !

हिंदी साहित्य को वैश्विक स्तर पर किसी माध्यम की आवश्यकता नहीं

चिंतन

संजीव ठाकुर

हिंदी भाषा करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है। हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया÷ यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है।

भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है।यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है।

एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है।

भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्त्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है ।अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है । और हिंदी की रामायण गीता रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है।

भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही है जो आज भी उल्लेखनीय है,

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल,
बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल।

जय हिंदी जय हिंदुस्तान
हिंदी भाषा अमर रहे।

जलवायु बदलाव : पर्यावरण लक्ष्यों के लिए न्याय की राह

भारत डोगरा

विश्व स्तर पर आज किसी भी अन्य पर्यावरण समस्या की अपेक्षा जलवायु बदलाव के नियंत्रण की अधिक चर्चा हो रही है। यह सभी देशों के लिए महत्त्वपूर्ण भी है, पर कुछ पश्चिमी धनी देश इस समस्या को उठाते समय भूल जाते हैं कि निर्धन और विकासशील देशों के लिए गरीबी और अभाव को दूर करना भी जरूरी है। यदि सभी देशों को साथ लेकर चलना है, तो गरीबी और अभाव दूर करने पर भी समुचित ध्यान देना होगा।

महत्त्वपूर्ण विकासशील देश के रूप में भारत की यह भूमिका बहुत महत्त्वपूर्ण हो सकती है कि जलवायु बदलाव को नियंत्रित करने के एजेंडे को न्यायसंगत बनाया जाए। इसके लिए विश्व स्तर पर ऐसा कार्यक्रम बनना चाहिए जिसमें ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लक्ष्य को सब लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लक्ष्य से जोड़ा जाए। आज भी जलवायु बदलाव जैसे मुद्दे के साथ व्यापक स्तर के जन-आंदोलन नहीं जुड़ सके हैं। पर्यावरण की रक्षा से जुड़े लोगों को इस बारे में गहरा चिंतन-मनन करना होगा कि जिस समय पर्यावरण आंदोलन की सार्थकता अपने उत्कर्ष पर है, उस समय में विश्व स्तर पर उसे वैसा व्यापक जन-समर्थन क्यों नहीं मिल रहा है, जिसकी उसे जरूरत है। इस बारे में पूरी ईमानदारी से चिंतन-मनन किया जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि बढ़ती प्रासंगिकता के बावजूद विश्व स्तर पर पर्यावरण आंदोलन का जन-आधार इस कारण व्यापक नहीं हो सका है क्योंकि इसमें न्याय और समता के मुद्दों का उचित ढंग से समावेश नहीं हो पाया है। दुनिया की आधी से अधिक जनसंख्या अपनी बुनियादी जरूरतों को भी ठीक से पूरा नहीं कर पाती। उनको बार-बार केवल यह कहना कि पेट्रोल और गैस के उपयोग को कम करना है, या विशेष तरह के उत्पादों के उपयोग को कम करना है, एक तरह से अर्थहीन है क्योंकि वे तो रोटी, कपड़ा, मकान आदि की बुनियादी जरूरतों को भी ठीक से पूरा नहीं कर पा रहे हैं। पर्यावरण रक्षा व जलवायु बदलाव की बहस में उनके लिए आखिर, क्या है?

जलवायु बदलाव के संकट को नियंत्रण करने के उपायों में जनसाधारण की भागेदारी प्राप्त करने का सबसे असरदार उपाय है कि विश्व स्तर पर ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन में पर्याप्त कमी उचित समय-अवधि में लाए जाने की योजना बनाई जाए जो सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने से जुड़ी हो और इस योजना को कार्यान्वित करने की दिशा में तेजी से बढ़ा जाए। यदि इस तरह की योजना बनाकर कार्य किया जाएगा तो ग्रीनहाऊस गैस उत्सर्जन में कमी के जरूरी लक्ष्य के साथ-साथ करोड़ों अभावग्रस्त लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का लक्ष्य अनिवार्य तौर पर जुड़ जाएगा और इस तरह ऐसी योजना के लिए करोड़ों लोगों का उत्साहवर्धक समर्थन प्राप्त हो सकेगा। ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए कुछ हद तक हम फॉसिल ईंधन के स्थान पर अक्षय ऊर्जा (जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा) का उपयोग कर सकते हैं, पर केवल यह पर्याप्त नहीं है। विलासिता और गैर-जरूरी उपभोग कम करना भी जरूरी है। यह तो बहुत समय से कहा जा रहा है कि विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों का दोहन सावधानी से होना चाहिए और वनों, चरागाहों, कृषि भूमि और खनिज-भंडारों का उपयोग करते हुए इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पर्यावरण की क्षति न हो या उसे न्यूनतम किया जाए। जलवायु बदलाव के दौर में अब नई बात यह जुड़ी है कि विभिन्न उत्पादन कार्यों के लिए कितना कार्बन स्थान या स्पेस उपलब्ध है, यह भी ध्यान में रख जाना जरूरी है।

जब हम इन नई-पुरानी सीमाओं के बीच दुनिया के सब लोगों की जरूरतों को पूरा करने की योजना बनाते हैं, तो स्पष्ट है कि वर्तमान अभाव की स्थिति को देखते हुए करोड़ों गरीब लोगों के लिए पौष्टिक भोजन, वस्त्र, आवास, दवाओं, कापी-किताब आदि का उत्पादन बढ़ाना होगा। इस उत्पादन को बढ़ाने में हम पूरा प्रयास कर सकते हैं कि ग्रीनहाऊस गैस के उत्सर्जन को कम करने वाली तकनीकों का उपयोग हो पर यह एक सीमा तक ही संभव होगा। अतः यदि गरीब लोगों के लिए जरूरी उत्पादन बढ़ाना है, तो उसके लिए जरूरी प्राकृतिक संसाधन और कार्बन स्पेस प्राप्त करने के लिए साथ ही जरूरी हो जाता है कि विलासिता की वस्तुओं और गैर-जरूरी वस्तुओं का उत्पादन कम किया जाए। ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। यदि गरीब लोगों के लिए जरूरी उत्पादन को प्राथमिकता देने वाला नियोजन न किया गया तो फिर विश्व स्तर पर बाजार की मांग के अनुकूल ही उत्पादन होता रहेगा। वर्तमान विषमताओं वाले समाज में विश्व के धनी व्यक्तियों के पास क्रय शक्ति बेहद अन्यायपूर्ण हद तक केंद्रित है, अतः बाजार में उनकी गैर-जरूरी और विलासिता की वस्तुओं की मांग को प्राथमिकता मिलती रहेगी। अतः इन्हीं वस्तुओं के उत्पादन को प्राथमिकता मिलेगी। सीमित प्राकृतिक संसाधनों और कार्बन स्पेस का उपयोग इन गैर-जरूरी वस्तुओं के उत्पादन के लिए होगा। गरीब लोगों की जरूरी वस्तुएं पीछे छूट जाएंगी, उनका अभाव बना रहेगा या और बढ़ जाएगा। अतः जरूरी है कि ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने की योजना से विश्व के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने की योजना को जोड़ दिया जाए और उपलब्ध कार्बन स्पेस में बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देना अनिवार्य बना दिया जाए। इस योजना के तहत जब गैर-जरूरी उत्पादों को प्राथमिकता से हटाया जाएगा तो जरूरी सी बात है कि सब तरह के हथियारों के उत्पादन में बहुत कमी लाई जा सकेगी।

सेहत | **केले से तैयार ये 5 हेयर मास्क बन सकते हैं बालों की कई समस्याओं का इलाज**

केला आवश्यक विटामिन, मैग्नीशियम, पोटैशियम और सिलिकॉन का बेहतरीन स्रोत है, जो इसे बालों की देखभाल के लिए आदर्श फल बनाते हैं। इसमें मौजूद सिलिकॉन यौगिक स्कैल्प को मॉइस्चराइज करके बालों को मजबूती देने और चमकदार बनाने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त यह डैंड्रफ को दूर रखने में मददगार हो सकता है। आइए आज हम आपको पांच तरह के केले के मास्क बनाने के तरीके बताते हैं, जिनका इस्तेमाल बालों के लिए फायदेमंद है।

केले और एवोकाडो का हेयर मास्क-यह हेयर मास्क रूखे बालों के लिए आदर्श है। इसमें मौजूद उच्च स्तर का प्रोटीन बालों को नमीयुक्त बनाए रखने के साथ उनके विकास के लिए महत्वपूर्ण है। लाभ के लिए आधे पके एवोकाडो, एक पका केला और दो चम्मच नारियल तेल मिक्सी में डालकर पीसें। इसके बाद अपने साफ बालों में मास्क लगाकर शॉवर कैप लगाएं और 30 मिनट के बाद सिर को गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद सिर को शैंपू से साफ करें।

केले और जैतून के तेल का हेयर मास्क-जैतून के तेल में मौजूद मॉइस्चराइजिंग गुण बालों का झड़ना और दोमुंहे बालों को कम करने में मदद कर सकते हैं। हेयर मास्क बनाने के लिए एक पके केले का पेस्ट और दो बड़ी चम्मच जैतून के तेल को आपस में मिलाकर अपने बालों की जड़ों में लगाएं। अब अपने बालों को एक ढीले जूड़े में बांध लें। 30 मिनट के बाद अपने सिर को ठंडे पानी और शैंपू से साफ कर लें।

केले और शहद का हेयर मास्क-यह हेयर मास्क पतले बालों के लिए आदर्श है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण बालों को मजबूती दे सकता है। लाभ के लिए एक पके केले को कटोरी में अच्छी तरह मै

एक नजर

असेम्बली चुनाव के लिए छविंद्र कर्मा नागालैंड के प्रवास पर

दंतेवाड़ा 23फरवरी। नागालैंड के कोहिमा जिले में होने वाले असेम्बली चुनाव-2023 के लिए बतौर आब्जर्वर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य छविंद्र कर्मा तीन दिवसीय प्रवास पर है। छविंद्र कर्मा को आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने कोहिमा में असेम्बली चुनाव के लिए आब्जर्वर नियुक्त किया है। बुधवार को नागालैंड की राजधानी कोहिमा जिले में छविंद्र कर्मा लोकसभा सांसद शशि थरूर के साथ प्रेसवार्ता में शामिल हुए। छविंद्र कर्मा कांग्रेस केंडिडेट सेईए साचु के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए कोहिमा जिले के प्रवास पर हैं। छविंद्र कर्मा के साथ चन्द्रभान झाडी, सोहन भवानी, संजय धनकर भी शामिल हैं।

निर्वाचन के दौरान विभिन्न गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

कांकेर 23 फरवरी । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा निर्वाचन के दौरान विभिन्न गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मतदान दल का गठन एवं मतदान, मतगणना एवं कर्मचारियों हेतु प्रषिक्षण की व्यवस्था आदि कार्य हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की व्यवस्था करने के लिए जिला षिक्षा अधिकारी श्री भुवन जैन को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार मतदान एवं मतगणना हेतु उपयोग में लगने वाले फार्म, लिफाफे व अन्य लेखन सामग्रियों की व्यवस्था हेतु जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया, वाहन व्यवस्था के लिए जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैय्या, आईटी साइबर सुरक्षा एवं कम्युनिकेशन प्लान के लिए जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी रोहित सिंह आसवाल, स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान, मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, कानून व्यवस्था एवं व्हीएम सिक्युरिटी प्लान हेतु पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट से संबंधित समस्त कार्य के लिए पीएमजीएसवाय के कार्यपालन अभियंता मनोज कुमार रात्रे, एमसीसी हेतु अपर कलेक्टर एस.अहिरवार, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए जिला कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम, मतपत्र, डाक मतपत्र के लिए आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर, मीडिया प्रमाणन एवं पेड न्यूज हेतु जनसंपर्क विभाग के उप संचालक सुरेन्द्र ठाकुर, मतदाता सूची से संबंधित अन्य कार्य के लिए संयुक्त कलेक्टर अंजोर सिंह पैकरा, नियंत्रण कक्ष, वोटर हेल्पलाईन, षिकायत समाधान हेतु पंचायत विभाग के उप संचालक कमल सिदार और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों के आगमन एवं भ्रमण के दौरान समुचित व्यवस्था के लिए कृषि विभाग के उप संचालक एन.के. नागेश को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिलास्तरीय जनसंवाद एवं समाधान शिविर फरसेगढ़ में सम्पन्न

बीजापुर 23 फरवरी । कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशन में ग्रामीण स्तर पर लोगों के बीच प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित करने भैरमगढ़ ब्लाके के सुदूर क्षेत्र फरसेगढ़ (कुटरु) में जिला स्तरीय जन संवाद एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का ग्रामीणों ने उत्साह देखने को मिला । जिसमें ग्रामीणों द्वारा विभिन्न विभागों से मांग एवं आवश्यकता के आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकरण करने की कार्यवाही की गई। जिसमें, आदिमजाति, क्रेडा, अंत्यवसायी, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी, शिक्षा, चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों से 243 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 164 आवेदनों को शिविर स्थल पर तत्काल निराकृत किया गया।

कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन, भाजपा कार्यालय का किया घेराव

केंद्र की ईडी और आईटी जैसे संस्थान भाजपा की बी-टीम की तरह काम कर रही है:विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 23 फरवरी। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी बिजापुर के नेतृत्व में भाजपा के इशारे पर काम कर रही ईडी और आईटी विभाग द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर राजनैतिक द्वेष पूर्वक छापामार कार्यवाही के विरोध में केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा के ख़िलाफ़ जंगी प्रदर्शन किया और कांग्रेसियों ने बीजापुर के भाजपा कार्यालय का घेराव कर ईडी और आईटी विभागों के ख़िलाफ़ जमकर नारे बाज़ी की है। ÷ जब जब मोदी डरता है ईडी को आगे करता है।÷ का नारा प्रदर्शन में छाया रहा।

कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन से भाजपा कार्यालय तक रैली निकाली और भाजपा कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जंगी प्रदर्शन करते हुए भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने कुछ चुनिंदा पूँजीपतियों और उद्योगपतियों मित्रों की सरकार करार दिया है। साथ ही कांग्रेसियों ने केंद्र की भाजपा और मोदी सरकार को ग़रीब, युवा, आदिवासी और किसान विरोधी कहा है।बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी और ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने एक सुर में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी मामलों में विफल है चाहे किसानों की आय दोगुनी करने की बात हो, महंगाई कम करने की बात हो,चाहे युवाओं को रोजगार देने की बात हो सभी क्षेत्रों में भाजपा और मोदी सरकार पूरी तरह फेल हो गई है और देश की पूरी सम्पत्ति को अडानी को दिया जा रहा है। स्ब्द्ध और स्द्धष्ट में किये गये घोटाले को छिपाने व लोगो का ध्यान भटकाने के लिये जानबूझकर विपक्षी दलों पर श्वष्ठ, ष्टक्चद्ध, ढ्ढञ्ज का दुरुपयोग मोदी सरकार और भाजपा कर रही है, श्वष्ठ, ष्टक्चद्ध और ढ्ढञ्ज जैसे संस्थान आज भाजपा की बी-टीम बन गई है।धरना प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर, कृषक कल्याण परिषद सदस्य बसन्त राव ताटी, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण सदस्या श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, युवा आयोग सदस्य प्रवीण डोंगरे, बीज निगम सदस्य इम्तियाज खान, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोज अवलम, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द चापा, ज़िला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुखदेव नाग, शहर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता, युवा कांग्रेस अध्यक्ष कामेश मोरला, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अंकित सिंह, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष एजाज खान, महिला कांग्रेस, जिला पंचायत के प्रतिनिधि, जनपद के प्रतिनिधि, नगर पालिका के प्रतिनिधि, नगर पंचायत के प्रतिनिधि, सभी ब्लाक कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जांगला में 111 जोड़े बंध परिणय सूत्र में

भैरमगढ़ ब्लाक में हुआ मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 23 फरवरी । छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का गरिमामय आयोजन भैरमगढ़ ब्लाक के जांगला में संपन्न हुआ। जहां 111 जोड़े नवदंपति ने आदिवासी रीति-रिवाज एवं परंपरानुसार एक-दूसरे का हाथ थामा, जिले भर से आए वर-वधु के परिवार, रिश्तेदार एवं विशाल जनसमूह विवाह का साक्षी बना, इस अवसर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी, जिला कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा सहित वरिष्ठ जनप्रनिधिगण पालक के रुप में नवदंपति सुखद वैवाहिक जीवन का शुभ आशीर्वाद दिया। विधायक श्री विक्रम मंडावी ने प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि हजारों माता-पिता को अपने बच्चों की शादी की चिंता रहती है किन्तु आर्थिक रुप से सक्षम नहीं होने के कारण और वैवाहिक आयोजन अधिक खर्चीला होने से समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहारा बनती है। माता-पिता और वर-वधु में उत्साह देखने को मिला जो इस योजना से लाभान्वित हुये शासन निःशुल्क विवाह करा रही है। आर्थिक बोझ से मुक्ति मिल रही है।

इस अवसर पर समस्त नवदंपति की विधायक श्री विक्रम मंडावी ने आशीर्वाद दिया, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने सभी वर-वधु को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीष दिया। पूरे कार्यक्रम में बीजादूतीर स्वंय सेवकों का उल्लेखनीय योगदान रहा। वहीं पिछले 1 वर्ष से सुदूर क्षेत्रों में सेवा दे रही स्वंय सेविका, भानुप्रिया अपने जीवन साथी करण तेलाम एवं स्वंय सेवक घासीराम ने भी सामूहिक विवाह के आयोजन में शादी किया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुडियम, उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उददे, जिला पंचायत एवं कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री बंसत राव ताटी, जिला पंचायत सदस्य श्री सोमारु राम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संत कुमारी मंडावी, श्रीमती पार्वती कश्यप , जनपद अध्यक्ष श्री दशरथ कुंजाम, उपाध्यक्ष श्री सहदेव नेगी, सरपंच जांगला श्री बोधराम पोयाम, डीएफओ श्री अशोक पटेल, जिला पंचायत सीईओ श्री रवि कुमार साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एंव बाल विकास विभाग सहित एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

चिराग परियोजना के जिला प्रबंधन इकाई की हुई बैठक

कांकेर 23 फरवरी । कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज चिराग परियोजना अंतर्गत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला स्तरीय अधिकारी तथा चिराग परियोजना निदेशक श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, विश्व बैंक के टॉस्क टीम लीडर श्री राज गांगुली को टास्क टीम लीडर सुश्री ब्रिमला नाथन, एएफएडी से सुश्री गायत्री माहर के साथ 25 सदस्यीय विशेषज्ञ दल के सदस्य शामिल हुए।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले में चिराग परियोजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं विभिन्न विभागों की भूमिका के विषय में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि परियोजना के उद्देष्य के अनुरूप किसानों के लिए पोषण उपलब्धता में सुधार एवं उनकी आय में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

क्षेत्रीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गंगालूर में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 23फरवरी। क्षेत्रीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के दो दिवसीय आयोजन के समापन समारोह मे मुख्य अतिथि श्री विक्रम शाह मंडावी ने कहा कि सुदूर और संवेदनशील क्षेत्र में जिस उत्साह और उल्लास देखने को मिला वास्तव में बीजापुर बदल रहा है। ग्रामीण शासन प्रशासन के मुख्य धारा से जुड़ रहे है, विदित हो कि गंगालूर जैसे संवेदनशील क्षेत्र इस तरह का व्यापक स्तर पर आयोजन बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल के मंशानुसार ग्रामीण युवाओं को राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से सांस्कृतिक, सामाजिक गतिविधियों में जोड़ा जा रहा है। जिससे गांव के युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रीय खेलकूद मे 17 दूरस्थ पंचायतों के 350 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। वहीं विशाल जनसमूह इस आयोजन का हिस्सा बना।कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने कबड्डी खेल की प्रशंसा करते हुए कहा कबड्डी का उच्च स्तरीय प्रदर्शन आज गंगालूर में देखा गया निश्चित ही ग्रामीण युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, कलेक्टर ने ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा अपनी संस्कृति, परंपरा को सरंक्षित रखे और नई पीढ़ी को शिक्षा की ओर अग्रसर करे शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का बेहतर लाभ लेवें तभी समाज विकसित होगा। ग्रामीण खेल में कबड्डी , संखली, तीरंदाजी , साईकिल रेस, बोरा दौड़, मटका फोड़, मटका दौड़ , व्हालीबाल सहित लंबी दौड़ शामिल था। सामूहिक एवं व्यक्तिगत खेलों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। जिसमें कबड्डी पुरुष में ग्राम पंचायत तोडका विजेता रहे जिन्हें नगद सात हजार रुपए पुरस्कार दिया गया वहीं उपविजेता ग्राम पंचायत बुरजी को 5 हजार इसी तरह महिला कबड्डी में ग्राम पंचायत चेरपाल विजेता बनी, वहीं उपविजेता ग्राम पंचायत पदमूर, व्हालीबाल में ग्राम पंचायत गंगालूर विजेता, ग्राम पंचायत तोड़का उपविजेता रहे इसी तरह सामूहिक खेल में विजेता को 7 हजार और उपविजेता को 5 हजार रुपए पुरुस्कार दिया गया। वहीं व्यक्तिगत खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 2 हजार एवं द्वितीय स्थान को 1 हजार पांच सौ, 1 हजार रुपये की राशि दी गई।

ग्रामीण नर्तक दलों को मिला 10-10 हजार रुपए का पुरुस्कार

गौर नृत्य सहित विभिन्न पारंपरिक नृत्यों के प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रहा। जिसमें विधायक, कलेक्टर एवं एसपी सहित जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता देकर ग्रामीण नर्तक दलों को प्रोत्साहित किया। वहीं इन नर्तक दलों को 10-10 हजार रुपए का नगद पुरुस्कार भी दिया गया। जिसमें नर्तक दल ग्राम पंचायत चेरपाल (गौर नृत्य), नर्तक दल ग्राम पंचायत रेड्डी (गौर नृत्य) सहित ग्राम पंचायत गंगालूर, ग्राम पंचायत चेरपाल के नर्तक दलों को 10-10 हजार रुपए दिए गए। ग्रामीण नर्तक दलों ने पुरुस्कार पाकर अत्यंत खुशी जाहिर करते हुए कहा कि क्षेत्रीय विधायक और जिला प्रशासन का यह कार्यक्रम और हमे प्रोत्साहित करने के लिए दिया गया यह पुरुस्कार हमारी मनोबल को बढ़ाया है। हम शासन प्रशासन के इस सहयोग का आभारी रहेंगे। इस पूरे कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुडियम , जिला पंचायत सदस्य बी. पुष्पा राव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बोधी ताती, उपाध्यक्ष श्री सोनू पोटाम सहित जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय , सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम श्री पवन कुमार प्रेमी, सीईओ जनपद पंचायत श्री फागेश सिन्हा, सहायक आयुक्त केएस मशराम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल सहित अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

घोटपाल कलारपारा में विधायक देवती कर्मा ने किया सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

गीदम,23 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । विधायक देवती महेंद्र कर्मा ने बुधवार को विकास कार्यों की सौगात देते हुए ग्राम पंचायत घोटपाल क्रमांक 1 के कलारपारा में 6.23 लाख की राशि के सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया। कलारपारा में सामुदायिक भवन के भूमिपूजन से स्थानीय रहवासियों कलार समाज के लोगो व ग्रामीणोजनों ने खुशी जताई । इस दौरान विधायक के साथ भूमिपूजन में जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा , प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ,जिला पंचायत सदस्य संगीता नेताम, गीदम ब्लॉक अध्यक्ष कमलोचंद सेठिया, जनपद सदस्य मनीराम मुरामी, मडाराम बेक, रवि सुराना, जिला राम नेताम, घोटपाल सरपंच सुंदरी नेताम समस्त पंच गण समेत क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

मनरेगा श्रमिकों में आधार बेस्ड भुगतान को लेकर उत्साह

बीजापुर, 23 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत श्रमिकों के मजदूरी भुगतान आधार इनबिल्ड पेमेंट सिस्टम से होने के बाद जिले की ग्राम पंचायतों में इससे संबंधित जानकारी हितग्राहियों के पहुंचाने एवं मनरेगा की मजदूरी भुगतान की राशि मनरेगा श्रमिकों के खाते में प्राप्त हो इसके लिए आधार कार्ड की छायाप्रति संग्रह हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जाबकार्डधारी परिवारों तक सही सही जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से एवं आधार वेरीफिकेशन कार्य को गति देने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू ने जिला स्तर से सहायक परियोजना अधिकारी श्री पीआर साहू, श्री नारायण बंजारे, श्री मनीष सोनवानी एवं उपसंचालक पंचायत गीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जनपद पंचायतवार दल का गठन किया है।

इसी कड़ी में बुधवार को अधिकारी अपने अपने सौपे क्षेत्रांतर्गत दौरे पर रहे जहां उन्होंने मनरेगा मजदूरों को आधार आधारित पेमेंट सिस्टम से होने वाले लाभ की जानकारी दी। हितग्राहियों ने इस प्रणाली की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसा होता है तो अब हमें अपने मजदूरी की राशि के लिए कहीं भटकना नहीं पडेगा। शिविर में मनरेगा मजदूर अपना आधार कार्ड छायाप्रति लेकर आ रहे हैं।सहायक परियोजना अधिकारी श्री नारायण बंजारे ने बताया कि कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा की पहल पर बीसी सखी के माध्यम से बैकिंग सुविधा ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही है। एईपीएस एक प्रकार की भुगतान प्रणाली हैए जो आधार कार्ड के प्रमाणीकरण के बाद वित्तीय लेन.देन की सुविधा प्रदान करती है। इसका मुख्य उद्देश्य आधार के माध्यम से सभी को वित्तीय और बैकिंग सुविधा उपलब्ध कराना है। हितग्राही को जिस बैंक खाते में भुगतान चाहिए उस बैंक में आधार कार्ड के साथ जाना होगा। पासबुक ले जाकर केवाईसी फार्म के भरकर बैंक में जमा करना होगा, तत्पश्चात् 24 घंटे के भीतर हितग्राही इस सिस्टम का लाभ ले सकते हैं।

बीजापुर से गंगालूर होकर पुसनार तक चलेगी यात्री बस

बीजापुर, 23 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी ने खेल मैदान में एक नया यात्री बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस सुदूर अंचल पुसनार, गंगालूर होते हुए जिला मुख्यालय बीजापुर तक चलेगी एवं गंगालूर से पुसनार एवं पुसनार से गंगालूर तक सफर के लिए स्थानीय ग्रामीणों कोई शुल्क नही ली जाएगी। ग्रामीणों ने निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराने पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्य बी. पुष्पा राव, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बोधी ताती, उपाध्यक्ष श्री सोनू पोटाम सहित जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय, सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम श्री पवन कुमार प्रेमी, सीईओ जनपद पंचायत श्री फागेश सिन्हा, सहायक आयुक्त केएस मशराम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल सहित अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

खुली नाली में गिरा सांड, जेसीबी से बांधकर बाहर निकाला

- वार्डो की खुली नालियों में आए दिन गिर रहे मवेशी
- पालिका नालियों को ढंकने में नहीं दिखा रही रुचि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 23 फरवरी। नगर के अधिकांश वार्डो में खुली पड़ी नालियां मवेशियों के लिए आफत बनता जा रहा है। बुधवार दोपहर भी एक सांड एक खुले नाली में जा गिरा खबर पालिका कर्मियों को दी गई। करीब घंटे भर के मशक्कत के बाद सांड को किसी तरह नाली से बाहर निकाला जा सका।

गौरतलब है कि दंतेवाड़ा नगर पालिका के अधिकांश वार्डो मे नालियां तो बनाई गई है पर उस पर कव्हरअप अर्थात उपर ढक्कन नहीं लगाया गया है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते खुली नालियों में आए दिन गिर रहे हैं छोटे बच्चे व मवेशी। बुधवार को भी वार्ड क्रमांक 1 में सहायक आयुक्त के मकान के सामने बने पक्की खुली नाली में एक सांड विचरण करते हुए औंधे मुंह जा गिरा। वार्डवासियों ने पालिका कर्मियों को फोन कर घटना की जानकारी दी। खबर मिलते ही पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता मौके पर पहुंची जिसके बाद पालिका के सफाई कर्मी भी वहां आ गए। सफाई कर्मियों ने सांड को बाहर निकालने की भरपुर कोशिश की मगर सफल नहीं रहे। जिसके बाद जेसीबी मंगाया गया। इस बीच करीब घंटे भर तक नन्दी बैल नाली में फंसा रहा। जेसीबी के पहुंचने के बाद सांड के पैरों को रस्सी से बांधकर कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला गया। अब सवाल यह कि नगर पालिका द्वारा वार्डो में नालियां तो बना दी जाती है मगर अधिकांश नालियों पर उपर से स्लैब नहीं किया जाता। नालियों को खुला छोड़ दिया गया है। खुली नाली में कभी छोटे बच्चे खेलते हुए धोखे से गिर जाते हैं तो कभी मवेशी गिरते हैं तो कभी नशे में धुत्त कोई व्यक्ति लड़खड़ाकर नालियों में गिर जाता है। इस प्रकार से खुली नालियों में कोई ना कोई हादसा आए दिन पेश आते रहता है। नालियों में ढक्कन नहीं लगाए जाने से सडांध भरी बदबू एवं मच्छरों के आतंक से भी वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना हर रोज करना पड़ता है। मगर पालिका के अधिकारियों एवं वार्ड के जनप्रतिनिधियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। वार्डवासियों का कहना है कि चुनाव के वक्त पार्षद प्रत्याशी वार्डो की समस्याओं का त्वरित निपटारा करने की बड़ी बड़ी बातें करते हैं झुठे वादे कर लोगों का वोट हासिल कर लेते हैं उसके बाद 5 सालों तक पार्षद वार्डो में झांकने तक नहीं आते। जिसकी वजह से ही इस तरह की समस्याएं खड़ी होती है। नगर प्रशासन को चाहिए कि वार्डो में बनाए गए तमाम नालियों पर स्लैब कर उसे ढंके ताकि वार्डवासियों को समस्याओं से थोड़ी राहत मिल सके।

धीमी गति से चल रहा है सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर का काम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नारायणपुर,23 फरवरी। नारायणपुर जिला मुख्यालय में पिछले डेढ़ साल से कछुए गति से चल रहे सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर के काम के चलते सड़क से गुजरने वाले लोगो के साथ ही दुकानदार काफी परेशान है । आधे अधूरे निर्माण कार्य के कारण सड़क से गाड़ियों के गुजरने के दौरान उड़ने वाले धूल के गुब्बारे ही गुब्बारे से लोगो चलना मुश्किल हो गया है । वही माता मावली मेला होने के कारण इस सड़क से सैकड़ों लोग मेला देखने जा रहे है और परेशान हो रहे है । लोगो और दुकानदारो का कहना है कि धीमी गति के निर्माण कार्य के कारण धूल के गुब्बारे से बुरा हाल है , बड़ी गाड़ियों के चलने से चेहरे के साथ ही दुकान में धुल ही धूल जम जाता है जिसको लेकर विभाग मौन है । वही पीडब्ल्यूडी के ई.ई. का कहना है कि ठेकेदार से काम जल्दी कराया जायेगा , लोगो को हो रही परेशानी के लिए माफी चाहता हु कहकर अपनी जिम्मेदारी से भागते नजर आए । सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर का काम कछुए गति से चलने की बात पीडीडब्ल्यू के अधिकारी ने भी मानी है अब देखना होगा की अधिकारी कितनी जल्दी सड़क चौड़ीकरण का काम करवाते है ?नारायणपुर जिला मुख्यालय में बखरूपारा से नारायणपुर बस स्टेंड तक 3 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर का निर्माण कार्य 8 करोड़ 74 लाख की लागत से अक्तूबर 2021 में शुरू हुआ था । ठेकेदार को 15 महीने में निर्माण कार्य पूर्ण करना था लेकिन कछुए गति से ठेकेदार द्वारा निर्माण किए जाने के कारण आम लोगो को सड़क से गुजरने के दौरान सड़क से उड़ने वाले धूल के गुब्बारे और सड़क पर बिछाई गई गिट्टी से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । वही सड़क किनारे के दुकान में धूल के गुब्बारे की वजह से दुकान में धूल ही धूल भर जाने से परेशान है । धीमी गति से चल रहें सड़क चौड़ीकरण के काम के चलते लोगो में काफी रोष है और जिला प्रशासन द्वारा कोई कारगर कदम नहीं उठाए जाने से लोगो में नाराजगी साफ नजर आ रही है । वही इस पूरे मामले पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जे.एल.मानकर ने माना की ठेकेदार धीमी गति से काम कर रहा है जिसके चलते आम लोग परेशान हो रहे है जिसके लिए मैं माफी चाहता हु ।

एक नजर

अवैध रूप से क्लीनिक संचालन करने वाले थायरोकेयर पैथोलॉजी लैब को किया सील

रायगढ़, 23 फरवरी। स्वास्थ्य विभाग, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्सिंग होम एक्ट के तहत् नोडल अधिकारी डॉ. बी.पी.पटेल, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.संतोष गुप्ता, श्री हरिकेश्वर लकड़ा, नगर निगम राजस्व विभाग, शाखा प्रभारी रश्मि खलखो व पीसीपीएनडीटी सहायक शिशिर देवांगन एवं औषधी निरीक्षक श्री विजय कुमार राठौर, संतोषी राज खाद्य व औषधी प्रशासन विभाग द्वारा आज श्री राम मेडिकल स्टोर एवं थायरोकेयर पैथोलॉजी लैब गौशाला रोड पुलिस पेट्रोल पंप के पास रायगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें श्री राम मेडिकल स्टोर में डॉ.देवेन्द्र दुबे (शिशु रोग विशेषज्ञ) के नाम पर बोर्ड लगाकर प्रचार करना पाया गया। जिसमें थायरोकेयर पैथोलॉजी लैब में डॉ.देवेन्द्र दुबे द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। जिसके फलस्वरूप थायरोकेयर पैथोलॉजी लैब में क्लीनिक को सील बंद की कार्यवाही की गई।

वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए वन विभाग चला रहा संवेदना अभियान

रायगढ़, 23 फरवरी। वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए वन विभाग द्वारा जिले में संवेदना अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों को इस अभियान में आवश्यक सहयोग करने हेतु निर्देशित किया है। ज्ञात हो कि रायगढ़ जिला में दो वनमंडल रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ का क्षेत्र शामिल है। इन वन क्षेत्रों में जंगली हाथी, जंगली सुअर, जंगली भालू, हिरण, खरगोश इत्यादि विचरण करते है। प्रायः अवैध विद्युत कनेक्शन के संपर्क में आकर जंगली जानवरों की मृत्यु के प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो चिंताजनक है। जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए वन विभाग के अमले के द्वारा संवेदना अभियान चलाकर जनसाधारण को समझाईश दिया जाकर जंगली जानवरों के मृत्यु दर पर अंकुश लगाये जाने का प्रयास किया जाएगा। पर्यावरण, प्रकृति संतुलन एवं जंगल की सुंदरता को बनाये रखने के लिए हमारा भी सहयोग आवश्यक है। अतएव वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे संवेदना अभियान में विभागीय अधिकारी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

प्लेसमेंट कैम्प 24 फरवरी को, विभिन्न 105 रिक्त पदों पर होगी भर्ती

रायगढ़, 23 फरवरी। निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 24 फरवरी को प्रातः10 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रायगढ़ जिले के अंतर्गत निवास स्थान के निकटतम क्षेत्रों में प्लेसमेंट दिया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से जिन पदों पर भर्ती की जानी है इनमें मे.फुलरटन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड सदर बाजार रायपुर (छ.ग.)में रिलेशनशिप ऑफिसर में 30 पद, ग्रुप क्रेडिट ऑफिसर में 50 पद, ट्रान्सजेक्शन आफिसर में 10 पद रिक्त है। इसी तरह मे.रीइंडिया टेक्नोलॉजी सर्विस प्रा.लि.व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.)में सेल्समैन हेतु 15 पद रिक्त है।

8 लोगों के वारिसों के सहायता स्वीकृत

रायगढ़, 23 फरवरी। अनुविभाग धरमजयगढ़ अंतर्गत प्राकृतिक आपदा के तहत 5 लोगों की पानी में डूबने से, 2 लोगों की आकाशीय बिजली गाज एवं 1 व्यक्ति की सर्पदंश के कारण असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर रायगढ़ के निर्देशन एवं एसडीएम धरमजयगढ़ के परीक्षण पश्चात पात्रतानुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

अखिल भारतीय घरवापसी प्रमुख प्रबल प्रताप ने कराई 250 लोगों की घरवापासी

■ अगर सनातनी एक नही हुये तो देश टूट जायेगा-जशपुर कुमार प्रबल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 23 फरवरी। मिशन घर वापसी के प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने ब्लाक के चिकनीपानी में 36 धर्मान्तरित परिवार के लगभग 250 लोगों के पैर धोकर पूरे विधि विधान से हिन्दू धर्म में वापसी कराई है,इस दौरान कार्यक्रम मे सरपंच संघ के विष्णु देव साय,डॉ बी एल भगत,कैलाश अग्रवाल,पन्त राम भगत(वनवासी कल्याण आश्रम) सुरेंद्र बेसरा,आनंद शर्मा एवं अन्य उपस्थित हुये थे। कार्यक्रम मे विशेष रूप मे आचार्य राकेश की उपस्थित रही जो की संत पदयात्रा के नेतृत्वकर्ता के रूप में हिंदुत्व की रक्षा के लिए शुरू हुए जशपुर से रायपुर पदयात्रा में निकले हैं। ब्लाक के चिकनीपानी इमलीपारा मे आयोजित घर वापसी कार्यक्रम मे 36 परिवार के लगभग 250 लोगो को हिंदु धर्म मे वापस लाया गया है। अखिल भारतीय घरवापसी मिशन के प्रमुख एवं जशपुर कुमार प्रबल प्रताप जूदेव ने कार्यक्रम मे उपस्थित सैकडो लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि जनजातियों के धर्मान्तरण के पीछे राष्ट्र को खंडित करने का षड्यंत्र है,प्रदेश में लगातार बढ़ रहे धर्मांतरण एवं बस्तर संभाग के नारायणपुर में आदिवासी समाज के ऊपर होते मिशनरी अत्याचार से जनजातीय संस्कृति को नष्ट करने की मिशनरी माफिआओं का गहरा षड्यंत्र है। हमारे लोगों की दिनदहाड़े हत्याएँ हो रहीं है,प्रशासनिक अधिकारियों के ध्यानाकर्षण के बावजूद सरकार की निस्क्रीयता शक के दायरे में है,इसके विरोध मे पूरे हिंदू समाज को संगठित होना की नसीहत देते हुए कहा कि अगर सनातनी एक नहीं हुए तो देश टूट जायेगा। उन्होने सैकडो संख्या मे उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि हिंदुओ के धर्म से किसी प्रकार का खिलवाड बर्दाश्त नही किया जायेगा,धर्मांतरण कराने वाले कतई समाज के लोग हिंदुओ के धर्म एवं आस्था से खिलवाड करना बंद कर दें,ऐसे समाज द्वारा जब भी धर्मांतरण कराने जैसे मामले जीवंत कराये जायेंगे जशपुर राजघराने का सदस्य वहा पहुंचकर अपने बिछडे भाईयों को धर्म से जोडने का हर संभव प्रयास करते रहेगा। आज उन्होने लगभग 250 लोगो को हिंदु धर्म मे विधि विधान से दोबारा प्रवेश कराया है। उनका कहना था कि समय-समय पर घर वापसी मिशन का कार्यक्रम आयोजित कर सनातन धर्म से भटके लोगो को वापस लाया जायेगा।।

सभा

पीएम आवास को लेकर चौकबेड़ा व मानपुर में हुई सभा

महासमुंद। ग्राम चौकबेड़ा मानपुर में प्रधानमंत्री आवास को लेकर सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा नेता मोती लाल साहू रहे। अध्यक्षता झलप पटेवा मंडल अध्यक्ष धरम पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता प्रेम यादव, हरिश चंद सोनी थेगांव भ्रमण पश्चात सभा में मोती साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2022 तक कच्चा मकान को पक्का करने के लिए लक्ष्य था। लेकिन, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार विगत चार वर्षों से इस योजना को बंद कर दिया है और केंद्र से जो 12 लाख की राशि आई थी उसको वापस भारत सरकार को कर दिया। इस पर भारतीय जनता पार्टी राज्य सरकार स्तर पर वृहद आंदोलन करेगी। इसके लिए आप सब ग्रामवासियों का सहयोग होना चाहिए। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार गरीबों के आवास को रोक रखा है, यह सरकार केवल नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी की सरकार है। केंद्र से आने वाले 15 वित्त योजना की राशि भी अपने चार चिन्हारी योजना में लगा रही है। आज ग्रामवासी बेतहाशा बिजली बिल से परेशान है। कांग्रेस के विधायक और जनप्रतिनिधि जनता की इस समस्या के समाधान के लिए कोई पहल नहीं कर रहे हैं। ऐसे सरकार का अब जाने का वक्त आ गया है। जनता की समस्या को लेकर भाजपा एक बार फिर मुख्यमंत्री का घेराव करेगी।

कलेक्टर ने अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के दिए निर्देश

महासमुंद। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने बीते मंगलवार को समय सीमा की बैठक लेते हुए जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा निर्माण कार्यों की जानकारी ली। बैठक में उन्होंने 2001-02 से 2014-15 और 2015-16 से 2022-23 तक स्वीकृत निर्माण कार्य के पूर्ण-अपूर्ण की भी जानकारी ली। उन्होंने अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जो कार्य प्रारम्भ नहीं हुए हैं, संबंधित कार्य निर्माण एजेंसी को तत्काल प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अधिकारी को समय सीमा में कार्य पूर्ण कराकर अवगत कराने कहा।निर्देशों के परिपालन में जिला समन्वयक समग्र शिक्षा ने वर्ष 2012-13 से 2022-23 तक स्वीकृत निर्माण कार्यों को संबंधित निर्माण एजेंसियों को 31 मार्च 2023 से पहले विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा के माध्यम से निर्माण कार्य का पूर्णतः प्रमाण पत्र, मूल्यांकन प्रमाण पत्र, रंगीन फोटोग्राफ, उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं संस्था को हैण्ड ओवर प्रमाण पत्र के साथ 10 मार्च 2023 तक जिला परियोजना कार्यालय में जमा करने कहा है। ताकि, अंतिम मूल्यांकन के आधार पर मांग बद्ध राज्य कार्यालय को प्रस्तुत कर निर्माण एजेंसियों को राशि का भुगतान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के जरिए किया जा सके।

समाचार संक्षेप

लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिवस मनाया

पत्थलागांव, 23 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। स्काउट के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावल का जन्मदिन सेंट जेवियर्स प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथी के रूप मे सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी नित्यानंद छत्तर,विशिष्ट अतिथि संकुल समन्वयक धनुराम यादव,नीलाम्बर यादव,स्काउट-गाइड प्रभारी दिदाकुश किस्पोट्टा,स्काउट गाइड एवं स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित थे। अतिथीयों का स्काउट गाइड स्कार्फ बांध कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं के द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित किया,जिसमे सभी धर्म के प्रार्थना किया गया और समाज को सार्थक सन्देश दिया। स्काउट एंड गाइड छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी,ध्वजरोहण,जीवन परिचय तंबू निर्माण, सेल्यूट, देशभक्ति नृत्य, छत्तीसगढी नृत्य के अलावा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम मे उपस्थित सहायक शिक्षक अधिकारी नित्या नंद छत्तर ने स्काउट गाईड के बच्चो को कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ समाज में बेहतर नागरिक की भूमिका निभाना सिखाता है,उन्होंने कहा कि अपना काम स्वयं करने की आदत डालने खुली हवा व प्रकृति के महत्व को समझाने के आलस्य, उदासी व निष्क्रियता दूर कर मुस्कुराना,व्यापक दृष्टिकोण पैदा करने,शिविर व हाइक द्वारा साहसी जीवन बनाने मिलकर काम करने व आपसी समायोजन सिखाने जैसे अनेक नियम सिखाता है। विशिष्ट अतिथी धनुराम यादव ने कहा कि सेंट जेवियर्स प्राथमिक-पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरे पत्थलगाँव विकास खंड में स्काउट और गाइड का एकमात्र संचालन करने वाली संस्था है,जहा बच्चे अनुशासन के साथ-साथ अन्य सभी प्रकार की गतिविधियों को सिख रहे है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रधानपाठक फा.अनुप तिग्गा,स्काउट मास्टर दयाल लकड़ा,गाइड कैप्टन सुश्री जुलिया एक्का, देवनीश मिंज के अलावा अन्य शिक्षक-शिक्षिकायें ने सहयोग प्रदान किया।

किसी के दबाव में आकर न भरें विकल्प पत्र:टीचर्स एसोसिएशन

पत्थलागांव, 23 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में ओ.पी.एस/एन.पी.एस को लेकर अपरिवर्तनीय विकल्प फॉर्म भरने के स्थानीय प्रशासन के दबाव, वेतन रोकने आदि के संबंध में शिक्षकों से लगातार प्राप्त हो रहे सूचना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने भी मोर्चा खोल दिया है। अनिल श्रीवास्तव ने जिले से सभी एलबी संवर्ग के शिक्षकों से अपील किया है कि जब तक वस्तु-स्थिति क्लियर नहीं हो जाता है तब तक किसी के दबाव में आकर ओपीएस/एनपीएस का विकल्प/शपथ पत्र नहीं भरना है। किसी भी शिक्षक का वेतन रुकने नहीं दिया जाएगा। ऐसी कोई भी कार्यवाही सामने आती है तो सम्बंधित डी.डी.ओ का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन पुरजोर विरोध करेगा और वेतन रोकने वाले अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करेगा,सभी शिक्षक संयम बरतें विकल्प फार्म भरने में किसी के दबाव में ना आए।

धर्म के संस्कार परमार्थ को समझदारी से करने पर बनेंगे :अमोही साहेब

महासमुंद। स्थानीय रायपुर रोड स्थित श्री कबीर मंदिर में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का समापन हुआ। जिसमें कबीर पंथ से जुड़े करीब 40 संतो ने कबीर साहेब के पारख सिद्धांतों पर सत्संग किया। सत्संग प्रवचन का लाभ लेने काफी संख्या में कबीर पंथ के अनुयायी महिला, पुरुष मौजूद थे।इसमें नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग काफी संख्या में पहुंचे थे। प्रमुख संतों में बुरहानपुर मध्य प्रदेश से पधारे अमोही साहेब, मित्र साहेब के अलावा बलवान साहेब, रमेश साहेब, रतन साहेब गुरुजतन साहेब, और विभिन्न स्थानों से संत एवं साध्वियों का आगमन हुआ था। सत्संग समारोह को संबोधित करते हुए अमोही साहेब ने कहा कि हमें समझ की जरूरत है। उन्होंने सतगुरु कबीर की एक साखी के आधार पर अपनी बात शुरू करते हुए व्यवहार, परमार्थ, अध्यात्म, सिद्धांत की विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि हम व्यवहार को समझदारी से करेंगे तो वर्तमान जीवन सुधर जाएगा।

हमारी दुनिया हमारा शांतिपूर्ण भविष्य थीम के साथ मनाया विश्व चिंतन दिवस

महासमुन्द, 23 फरवरी । भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ महासमुन्द एवं स्थानीय संघ महासमुन्द के सयुंक्त तत्वावधान में जिला प्रशिक्षण केंद्र महासमुन्द के प्रांगण में विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर सर्वधर्म सभा का आयोजन श्री दाऊ लाल चंद्राकर जिलाध्यक्ष मुख्य अतिथि, अध्यक्षता श्रीमती मीता मुखर्जी जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त गाइड विशेष अतिथि श्रीमती शशि चन्द्राकर राज्य उपाध्यक्ष, श्रीमती डॉ ज्योति चन्द्राकर राज्य आयुक्त गाइड, श्री जय पवार जिला उपाध्यक्ष, श्री वेद देव वर्मा उपाध्यक्ष स्थानीय संघ, श्री लीला राम सिन्हा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, श्रीमती हिना ढालने सहायक विकास शिक्षा अधिकारी, श्री जागेश्वर सिन्हा बी आर सी सी के आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम अथितियों को स्कार्फ से स्वागत पश्चात स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के चित्र पर धूप दीप पुष्प माल्य से पूजन के साथ सर्वधर्म प्रार्थना सभा का सुभारम्भ सुरेंद्र मानिकपुरी के नेतृत्व में प्रातः स्मरण, सरस्वती वंदना, गुरूमहिमा, रघुपति राघव राजा राम, जय बोलो सतधर्मों की, सभी धर्म की प्रार्थना, मौन प्रार्थना, वी शैल ओव्हर कम, हर देश मे तू हर भेष में तू, शांति पाठ के साथ सम्पन्न हुआ।

सर्वधर्म प्रार्थना पश्चात विश्व चिंतन दिवस 2023 की थीम है ÷हमारी दुनिया, हमारा शांतिपूर्ण भविष्य÷ इस वर्ष केंद्र इसी पर फोकस करके ही काम करेगा। इस बार यही थीम चुनी गई है। इस थीम के आधार पर ही केंद्र इस बात पर फोकस करेगा कि हम प्राकृतिक दुनिया से क्या हासिल कर सकते हैं और दुनिया भर में महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिक सुरक्षित और शांतिपूर्ण भविष्य बनाने के लिए हम कैसे सहयोग कर सकते हैं। इस थीम पर उपस्थित स्काउट गाइड के बीच भाषण

प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मोक्षदा सागर प्रथम स्थान एवं क्षितिज पाण्डेय द्वितीय स्थान दोनों स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल महासमुन्द से एवं तृतीय स्थान नीरा साहू आशिबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुन्द रही। अन्य प्रतिभागी स्काउट गाइड रुबीना बानो, तनीषा चन्द्राकर, सृष्टि मिश्रा, नूपुर पटेल , यश सिन्हा, हिमेश मार्कण्डेय, तिरण सोनवानी, रिहान्स साहू,भाग्यवती, भावना पटेल, अंजली साहू, आस्था ठाकुर, निशा देवांगन, आरती विश्वकर्मा ने अपना विचार प्रस्तुत किये। जिसके निर्णायक लिनु चन्द्राकर डी ओ सी गाइड, सुरेंद्र मानिकपुरी, एवं शुशील शर्मा द्वारा विजेता प्रतिभागियों के नाम की घोषणा की गई । विजेता प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से स्मृति चिन्ह अतिथियों के करकमलों से पुरस्कृत कर स्काउट गाइड को प्रोत्साहित किया गया। आशीर्वचन उद्बोधन की कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी मुखर्जी मैम ने कहा थिंकिंग डे यानि विश्व चिंतन दिवस अर्थात यह दिवस सोचने के लिए मनाया जाता है यानि अपने दोस्तों, भाई- बहनों , परिवार और समाज के बारें में सोचने और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए सही मार्गदर्शन करना है सर्वधर्म प्रार्थना तो प्रत्येक स्कूल में होना चाहिए जिससे सभी धर्मों का आदर और शांति का संदेश देता है। मुख्य अतिथि श्री दाऊ लाल चन्द्राकर जी ने कहा कि यह सर्व धर्म प्रार्थना जिसमे सभी धर्मों का सार तत्व समाहित है जिसके मनन चिंतन से मन शांत व प्रफुल्लित हो जाता है । बच्चों से कहा कि नित्य प्रतिदिन अपने इष्टदेव जहाँ विराजमान हैं वहाँ सुबह शाम 5 मिनट समय निकालकर शान्त चित भाव से प्रार्थना करना। इससे आत्मिक शक्ति के साथ आत्मविश्वास बढ़ेगा। जिससे और अधिक कार्य करने की शक्ति प्राप्त होगी। तनाव से मुक्ति मिलेगी। विभिन्न प्रकार के समस्याओं से निपटने का साहस आएगा।सभी स्काउट गाइड नियम का पालन कर अनुशाषित रह कर माता पिता गुरुजनों एवं बड़ों का सम्मान कर अच्छे नागरिक बने यही हमारा स्काउटिंग की पहचान है। सभा पश्चात प्रशिक्षण केन्द्र में जीणोद्धार एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रशिक्षण केन्द्र के लिये नव बोर नलकूप का बटन दबा कर उद्धघाटन भी किये। अंत मे आभार प्रदर्शन विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लीला राम सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन तुलेन्द्र सागर जिला सहसचिव ने किया। इस अवसर पर कमल लुनिया डी ओ सी स्काउट, लीनु चन्द्राकर डी ओ सी गाइड, राम कुमार साहू जिला सचिव, तुलेन्द्र सागर जिला सहसचिव, शुशील शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, चंद्रकाता ठाकुर संयुक्त सचिव, लता वैष्णव सचिव स्थानीय संघ, मधु शर्मा, हीरेन्द्र साहू सह सचिव स्थानीय संघ, मुरली पटेल, रोशन आरा रिजवी , दिनेश घाडगे, मिथलेश जलक्षत्री, के साथ स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल , एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल भोरिंग, वृंदावन स्कूल, आशिबाई गोलछा शासकीय स्कूल, शिशु संस्कार स्कूल, न्यू होलीपैथ स्कूल, पूर्व माध्यमिक शाला स्टेशन पारा स्कूल, गुड़ शेफर्ड इंग्लिश स्कूल, छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्रभारी शिक्षक स्काउट्स गाइड्स की उपस्थिति में अध्यक्ष की अनुमति से सभा सम्पन्न हुआ।

तोंगपाल ग्रामीण बैंक में उपभोक्ताओं से बदसलूकी एवं अव्यवस्था का आलम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 23 फरवरी। ग्रामीण बैंक में दूरस्थ अंचल से आए ग्रामीणों को बैंक के बाहर से ही ताला लगा कर, एक-एक कर अंदर बुलाया जाता है।तोंगपाल के ग्रामीण बैंक की कुछ ऐसी है स्थिति किराए के मकान में संचालित है बैंक, आमजनों के बैठने तक की नहीं है सुविधा, कई गाँव के लोग पैदल पहुँच कर लंबी कतार होने पर भी बैंक के बाहर से ही कतार में शामिल होकर अपने नंबर आने की प्रतीक्षा करते हैं।ग्रामीण बैंक तोंगपाल में अंदरूनी इलाकों से आने-वाले आमजनों को परेशान करने में कोई कमी नहीं छोड़ते बैंक के कर्मचारी।ग्रामीण बैंक अपने एक निजी स्थान की माँग कर रहा है, जिससे की बैंक द्वारा अपने उपभोक्ताओं को सभी व्यवस्था एवं बेहतर सुविधा प्रदान कर सके।ग्रामीण बैंक तोंगपाल में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण इलाकों से लोग हैं आश्रित, जिसमें ग्राम पंचायत सौतनार, कुमाकोलेंग, चिउरवाड़ा, चितलनार, ताहकवाड़ा, हमीरगढ़, पेरमारस, मारेंगा, कोडरीपाल, कावराकोपा, पालेम एवं अंदरूनी कई गाँव हैं शामिल।पुसपाल में ग्रामीण बैंक विगत वर्ष ही नवीन स्थापित हुआ है, एवं क्षेत्र के आमजनों को बैंक की कई जानकारियां नहीं, व आमजनों का बैंक खाता पहले से ही तोंगपाल बैंक में होने उनको पर्याप्त जानकारी नही मिलती, जिसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा ग्रामीणों की सहायता हेतु स्वंय साथ लेकर बैंक पहुँचते हैं।

ग्रामीणों क्षेत्र से बैंक में पहुँचने वाले उपभोक्ताओं ने बैंक के कैशियर पर आरोप लगाया है कि दूरस्थ क्षेत्र से अपनी बैंक संबंधित जानकारी प्राप्त करने पहुँचे उपभोक्ताओं को कभी जानकारी मिलती तो है लेकिन आधी-अधूरी, नेटवर्किंग समस्या के रहते, कभी लिंक फेल हो जाने से भारी दिक्कतें हो जाती हैं, दूरस्थ क्षेत्र के आमजनों को दूसरे दिन पुनः अपने काम हेतु आना ही पड़ता है, एवं कभी कभी तो ग्रामीण इलाकों से पहुँचे आमजनों के द्वारा जमा पर्ची या निकासी पर्ची भरकर लंबी कतार में रहकर कई घंटों बाद काउंटर तक पहुँचकर, कैशियर को पासबुक एवं पर्ची देने पर,उसमें एक गलती भी हो जाए तो, पर्ची को पुनः भरकर पुनः लंबी लाईन पार कर काउंटर तक पहुँचने को मजबूर रहते हैं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के आमजन।

आपका बच्चा पढ़ेगा यह सोचकर बनाईये स्कूल बिल्डिंग:कलेक्टर

रायगढ़, 23 फरवरी। स्कूल भवन के निर्माण के लिए सीएसआर से 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। निर्माण कार्य उम्दा क्वालिटी का हो, इसमें गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं चलेगा। आप स्कूल बिल्डिंग यह सोचकर बनाईये कि यहां आपका ही बच्चा पढ़ेगा। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज तमनार विकासखण्ड के ग्राम-गोढ़ी में स्कूल निरीक्षण के दौरान पीडब्लूडी के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा आज तमनार विकासखण्ड के दौरे पर रहे। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा भी साथ रहे। कलेक्टर श्री सिन्हा ने तमनार के स्वामी आत्मानंद स्कूल के साथ ही गोढ़ी के हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण किया। गोढ़ी के इस स्कूल का अगले सत्र से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में उन्नयन हो जाएगा।कलेक्टर श्री सिन्हा ने निरीक्षण के दौरान स्कूल परिसर का जायजा लेकर अधिकारियों से होने वाले कार्यों की रूपरेखा का विस्तार से ब्यौरा लिया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि यहां अच्छी लैब तथा लाईब्रेरी बननी चाहिए।

एएसआई के भतीजे ने आरक्षक को मारा चाकू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 23 फरवरी। सिविक सेण्टर के बार में बीती रात शराबखोरी के दौरान बहस हुयी और क्राइम एवं सायबर यूनिट में पदस्थ एएसआई चंद्रशेखर सोनी के भतीजे सोनू 25 वर्ष ने उतई थाने में पदस्थ आरक्षक ताम्रध्वज चंद्राकर 30 वर्ष पर चाकू से अनेकों वार कर दिया। एएसआई का भतीजा और उसका आरक्षक दोस्त साथ बैठकर शराब पी रहे थे। घटना में आरक्षक ताम्रध्वज चंद्राकर के कमर के निचले भाग पर चाकू के अनेक घाव लगे हैं। घायलावस्था में उसे सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि शराबखोरी के दौरान अत्यधिक पी लेने से नशे में धुत दोनों के मध्य किसी बात को लेकर विवाद हो गया और एएसआई के भतीजे ने आपा खो दिया। बताया जा रहा है कि आरक्षक ताम्रध्वज बुधवार रात ड्यूटी से घर पुलिस क्वार्टर सेक्टर 6 लौट रहा था। सिविक सेंटर में उसने एएसआई चंद्रशेखर सोनी के भतीजे सोनू सोनी (28 वर्ष) को फोन कर बुलाया। इसके बाद दोनों ने देर रात तक सिविक सेंटर स्थित रतन बार में बैठकर शराब पार्टी की। पार्टी के दौरान दोनों में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया 7 इसके बाद आरक्षक ताम्रध्वज बार से बाहर निकलने लगा इतने में पीछे से आकर सोनू सोनी ने अपने पास रखे चाकू से सिपाही के जांघ पर चार से पांच बार वार कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी डॉ अभिषेक पल्लव व सीएसपी निखिल राखेचा ने टीम भेजी। ज्ञात हो कि शराबखोरी के चलते एक दिन पहले ही भिलाई नगर थाना क्षेत्र में तीन दोस्तों ने चौथे की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इस खबर पर चर्चा थमी नहीं थी कि यह घटना हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप सी मच गई।

ढौर खार में मिली महिला की संदिग्ध अवस्था में लाश

भिलाई, 23 फरवरी। समीपस्थ ग्राम ढौर के खार में आज सुबह महिला की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है। 40- 45 उम्र के आसपास दिख रही अज्ञात महिला के लाश को 3-4 दिन पुरानी बताई जा रही है। शव का चेहरा जलकर काला पड़ गया है और छाती तथा कंधे तक जलकर फफोले पड़ने के निशान हैं। पुलिस अधिकारियों ने फौरी तौर आशंका व्यक्त की है कि महिला के साथ दुष्कर्म हुआ है और मारकर जलाया गया है। हालांकि इसकी पुष्टि फोरेंसिक एक्सपर्ट के ओपिनियन और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हो सकेगा। घटना स्थल पर पुलिस के लोग पहुंचकर मौका मुआयना किये हैं। थाना जामुल में मर्ग पंचनामा कायम कर मामले को जाँच में लिया गया है।

एक नजर

नस दबने का शारदा हॉस्पिटल में हुआ सफल इलाज

भाटापारा 23 फरवरी। भाटापारा के पास ग्राम अर्जुनी की रहने वाली उर्मिला बाई पिछले तीन साल से गर्दन दर्द, चक्कर, हाथों पैरों मे दर्द, झुनझुनी से परेशान थी। ?म आर आई जाँच में गर्दन की नस का दबना बताया गया। दर्द की दवाईयों से भी आराम नहीं हो पा रहा था। नस दबने के कारण चलने, उठने, बैठने मे परेशानी हो रही थी। डॉक्टरों ने फिजियोथेरेपी के इलाज या ऑपरेशन की सलाह दी। भाटापारा के सदर बाजार स्तिथ शारदा हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ सुधाकर शर्मा एवं डॉ रोमा शर्मा के दो महीने इलाज के बाद नस दर्द की समस्या पूरी तरह से ठीक हो गयी। शारदा हॉस्पिटल के डॉ सुधाकर शर्मा ने कई नस दर्द एवं जोड़ों के दर्द के मरीजों को फिजियोथेरेपी के इलाज के माध्यम ठीक किया है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पलाश फूल की खरीदी प्रारंभ

बलौदाबाजार,23 फरवरी। जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित बलौदाबाजार वनमंडल में पलाश फूल (सूखा) का संग्रहण,क्रय प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के अन्तर्गत कार्यरत ग्राम स्तर समूह एवं हॉट बाजार स्तर महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से वनांचल क्षेत्रों के संग्राहकों से किया जा रहा है। पलाश फूल (सूखा) का संग्रहण छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा निर्धारित दर पर किया जा रहा है। वर्तमान में पलाश फूल (सूखा)का क्रय दर 1150 प्रति क्विंटल है। संग्राहकों को वनोपजों का सही मूल्य दिलाने हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना तथा संघ दर पर लघु वनोपजों का क्रय, संग्रहण संघ के द्वारा किया जा रहा है. ग्रामीण अधिक से अधिक पलाश फूल संग्रहण कर बेच सकते है।

निपनिया पुलिस को मिली बड़ी सफलता

बलौदाबाजार 23 फरवरी। श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा द्वारा जिले में महिला एवं बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों में ततपरतापूर्वक आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए है जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सचिंद्र चौबे एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा श्री सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विनोद मंडावी थाना भाटापारा ग्रामीण के नेतृत्व पर निपनिया प्रभारी ईश्वर टोप्पो के द्वारा विशेष टीम गठित कर नाबालिक बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 08.12.2022 को प्रार्थी, ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक लड़की , जो दिनांक 05.12. 2022 को घर से बिना बताए कहीं चली गई की रिपोर्ट पर गुम इंसान क्र. 147/2022 कायम कर उक्त नाबालिग बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की संभावना पर अपराध क्रमांक 710/2022 धारा 363 भादवी कायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जमीनी स्तर पर तत्काल कार्यवाही कर के परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर संदेही राजकुमार खूंटे पिता उपकरण खूंटे निवासी सकिन करमदा थाना सिटी कोतवाली के संबंध में जानकारी एकत्रित कर , पीड़ित बालिका को उसके कब्जे से बरामद कर थाना भाटापारा ग्रामीण लाकर पूछताछ करने पर पीड़िता ने आरोपी को प्रेम जाल में फंसा कर घर से भगाकर शारीरिक संबंध स्थापित करना बताने पर मामले सदर में धारा 366,376 भा द वि एवं पोक्सो एक्ट 04 ,06 जोड़ी जाकर अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

सड़क का बुरा हाल,कोई ध्यान नहीं दे रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

देवभोग 23 फरवरी। दीवानमुड़ा से बरही सीमा के बीच बना ढ़ाई किलोमीटर का प्रधानमंत्री सड़क सुधार कार्य के अभाव में मिट्टी की कच्ची सड़क के रूप में तब्दील हो चुका है.. विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते यह सड़क सिर्फ कागजों में ही प्रधानमंत्री सड़क कहने को रह गया है, बल्कि जमीनी हकीकत में ढ़ाई किलोमीटर का यह सड़क कच्ची सड़क के रूप में तब्दील होकर विभागीय अधिकारियों के विकास सम्बन्धी दावों की पोल खोलता नजर आ रहा है.. मामले में दीवानमुड़ा के सरपंच कंचन कश्यप, सुकलीभाठा नवीन की सरपंच प्रमिला बिसी, पूर्व सरपंच दयाराम बिसी की माने तो तीन साल से यह सड़क कच्ची सड़क के रूप में तब्दील हो चुका है.. लेकिन आज तीन साल बीत गए.. इस सड़क की सुध लेने आज तक विभागीय अधिकारी नहीं पहुँचे.. वहीं बरही के ग्रामीण बलियार सिंग नेगी की माने तो यह नामभर का पीएम सड़क रह गया है.. सड़क में एक से डेढ़ फिट बड़े-बड़े गड्ढे इसकी पहचान बन चुके है.. ग्रामीणों की माने तो बरसात के मौसम में दो पहिया, चार पहिया तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है..

जनप्रतिनिधि भी नहीं दे रहे ध्यान

सुकलीभाठा नवीन के पूर्व सरपंच दयाराम बिसी ने बताया कि गॉव में दौरे पर आये सत्ताधारी पार्टी के जनप्रतिनिधियों को भी कई बार सड़क की परेशानी से अवगत करवा चुके है.. लेकिन आज तक जनप्रतिनिधियों ने भी उचित कदम उठाना मुनासिब नहीं समझा.. दयाराम के मुताबिक राज्यस्तर के अधिकारियों के साथ ही जिला स्तर के अधिकारी भी ज़ब दौरे पर बरही सीमा पहुँचे थे, इस दौरान उन्हें भी आवेदन देकर वस्तुस्थिति से अवगत करवाते हुए सड़क की परेशानी बताई गई.. उस दौरान अधिकारियों ने जल्द ही उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था लेकिन आवेदन भी ठंडे बस्ते में चला गया और आज तक किसी तरह की कोई कार्रवाई करना अधिकारियों ने उचित नहीं समझा...

अब चंदा कर बनाएंगे सड़क

शासन-प्रशासन को अपनी मांगों से अवगत करवाते-करवाते तीन गॉव के सैकड़ो ग्रामीण थक चुके है.. ऐसे में नाराज ग्रामीणों का भरोसा शासन-प्रशासन से उठ चुका है.. पंचायत के पूर्व सरपंच दयाराम बिसी की माने तो जल्द ही टोंगसीपारा, बरही और सुकलीभाठा के ग्रामीण बैठक रखकर सड़क को चंदा के पैसे से बनाने का निर्णय लेंगे.. दयाराम ने बताया कि जल्द ही ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला जाकर कलक्टर से मुलाक़ात कर सड़क बनाने की अनुमति मांगेगा... वहीं अनुमति मिलने के बाद ग्रामीण चंदा कर ढ़ाई किलोमीटर की इस सड़क में मुरम डालकर उसे चलने लायक बनाएंगे।

मामले में विभाग के सबइंजीनियर सौरभ दास ने कहा कि स्वीकृति के लिए फ़ाइल उच्च स्तर पर भेजा गया है.. स्वीकृति मिलते ही काम शुरू कर दिया जायेगा।

कलेक्टर-एसपी ने गिरौदपुरी का दौरा कर मेले की तैयारी का लिया जायजा

बलौदाबाजार,23 फरवरी। कलेक्टर रजत बंसल और एसपी दीपक झा ने आज गिरौदपुरी का दौरा कर मेले के लिए की जा रही प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। बाबा गुरू घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में आगामी 24 से 26 फरवरी तक विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। लाखों की संख्या में राज्य के विभिन्न जिलों सहित देश-विदेश से श्रद्धालु यहां जुटते हैं। कलेक्टर-एसपी ने विभिन्न स्थलों को दौरा करके बारीकी से व्यवस्था से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया। प्रमुख रूप से उन्होंने मंदिर परिसर, जैतखाम, विश्रामगृह, पार्किंग एरिया, सुरक्षा, लाइटिंग,हाईमास्क, पेयजल,दर्शनार्थियों के ठहरने की व्यवस्था आदि का स्थल निरीक्षण किया और पुराने अनुभवों के आधार पर इससे और अच्छी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम्यूनिटी टॉयलेट और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीव्ही लगाने को भी कहा है। अन्नपूर्णा दाल-भात केन्द्र सहित दुकानों के लिए जगह निर्धारण सहित विभिन्न विषयों पर मेला प्रबंधन से जुड़े लोगों से भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने गिरौदपुरी से लगभग 7 किलोमीटर दूर छाता पहाड़ और इससे आगे पंचकुण्डी स्थल में भी आवश्यक व्यवस्था करनें के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। इसके अतिरिक्त वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए अतिरिक्त अस्थायी हेलीपैड तैयार करने कहा गया है। सफाई की व्यवस्था को पहले बेहतर करने के निर्देश सीएमओं कसडोल एवं जनपद सीईओ कसडोल को दिए है।इस अवसर पर मेले समिति से जुड़े सदस्य,स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, आदि का निरीक्षक कर जायजा लिया।

ईडी के खिलाफ माहेश्वरी ने किया साथियों के साथ चौक पर प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा 23 फरवरी। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील? माहेश्वरी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के भाटापारा विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने भाटापारा भारतमाता स्थल जयस्तंभ चौक शंकर वार्ड में विरोध प्रदर्शन किए। यहां छत्तीसगढ़ प्रदे ईश कांग्रेस के नेताओं के यहां हो रही ईडी की तानाशाही कार्रवाई का विरोध किया। केंद्र की मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सुनील माहेश्वरी के भाटापारा स्थित कार्यालय से भाटापारा विधानसभा कांग्रेस के पादाधिकारी व कार्यकर्ता रैली निकालकर जस्तंभ चौक पहुंचे। यहां उन्होंने ईडी की प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ चल रही कार्रवाई का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी किया। इस मौके पर मीडिया के साथियों से बात करते हुए सुनील माहेश्वरी ने कहा कि लगातार हम लोग देख रहे हैं कि जितना भी सर्वे रिपोर्ट जा रही है, केंद्र सरकार जो भी सर्वे करा रही है उसमें छत्तीसगढ़ में वापस कांग्रेस की सरकार आ रही है, पहले से ज्यादा बहुमत से सरकार राज्य और केंद्र में कांग्रेस की बनती दिख रही है। इस बात से केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बौखला गये हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन की सामने में सफलता दिख रही है। भारत जोड़ो यात्रा और राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए भाजपा द्वारा खर्च किए गये अरबों रुपए से भी भाजपा फेल रही है, उल्टा भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस और राहुल गांधी की छवि को फायदा मिला। जनता नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खुलने के रूप? में स्वीकार की। इस सब से बौखलाई भाजपा जहां जहां कांग्रेस की सरकार है वहां वहां सरकार को अस्थिर करने के लिए कार्य कर रही है।

झूठे आरोप के तहत ईडी के माध्यम से कांग्रेस संगठन के ऐसे पदाधिकारियों के यहां छापा मारी, जिन्हें संगठन राष्ट्रीय अधिवेशन के बड़े जिम्मेदारी सौंपी थी, जिनके कंधे पर बहुत बड़े बड़े काम थे। राष्ट्रीय अधिवेशन के तरफ से जनता का ध्यान भटके, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरे इसके लिए भाजपा? कार्य कर रही है। माहेश्वरी ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी को स्पस्ट कहना चाहता हूं, कि छत्तीसगढ़ की ढाई करोड़ जनता और कांग्रेस पार्टी के पूरे कार्यकर्ता का परिवार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ मजबूती से कल भी खड़ी थी आज भी खड़ी है और कल भी खड़ी रहेगी। आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलेगी ही 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी का जाना तय है। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री दीपक वर्मा, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रमिला साहू, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कुमारी साहू, दानी भट्ट, पूर्णिमा श्रीवास, पार्षद दीपक निर्मलकर, गैंदू साव, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र वर्मा, एल्डरमैन मुकेश साहू, पूर्व पार्षद नानू सोनी, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव आबिद खान, ब्लॉक अध्यक्ष रवि ध्रुव, एनएसयूआई के प्रदेश सचिव आकिब मेनन, प्रमोद साहू, मायाराम वर्मा, रामकुमार वर्मा, फागूराम वर्मा, विष्णु साहू, उमाशंकर मनहरे, सनी साहू, कृष्णा बंजारे, रिजवान खान, जीवन लहरे, सद्दाब जलियावाला, नवीन बक्स, अशोक साहू अदि मौजूद रहे।

दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

बलौदाबाजार 23 फरवरी। चौकी लवन क्षेत्र अंतर्गत एक मामले में प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी 16 वर्षीय बहन दिनांक 09/03/22 के शाम को बिना बताए कहीं चली गई है वापस नहीं आई है आस-पड़ोस पता करने पर कहीं पता नहीं चला प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 भा द वि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पता तलाश में लिया गया था । श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सचिन्द्र चौबे तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में लवन चौकी प्रभारी उप निरीक्षक उमेश वर्मा के नेतृत्व में अपहृता व आरोपी की लगातार पता तलाश की जा रही थी जरिए मुखबीर सूचना मिला की संदेही पीड़िता को लेकर अपने सकुनत पर आया है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग
नारायणपुर संभाग नारायणपुर (छ.ग.)
द्वितीय निविदा सूचना प्रकाशन

क्रमांक 391/N.I.T No-17/व.ले.लि./2022-23 नारायणपुर दिनांक 21.02.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी वर्ग ''अ से द'' वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनूअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि:- 28.02.2023 सांय 5.30 बजे तक

निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि:- 06.03.2023 सांय 5.30 बजे तक (रजिस्ट्री / स्पीड पोस्ट द्वारा)

निविदा खोलने की तिथि:- 08.03.2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे

नि.क्र.	कार्य का नाम	अमानत राशि निविदा प्रपत्र राशि	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	कार्य अवधि
T0022	नारायणपुर संभाग अन्तर्गत टाऊन मार्ग में डामर नवीनीकरण कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	35100/- 750/-	46.72	03 माह

शर्तें:- निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग
नारायणपुर

जी- 98782/4

स्नेहा हालदार अंतर्राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा के लिए चयनित

डोंगरगढ़ 23 फरवरी। एन. आर. सी. ए. के सयोजक श्री मतीन खान जी ने बताया कि गोल्डन वैली रिसॉर्ट पटियाला पंजाब में अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के दिशा निर्देशन में 18 फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित बिलों 2300 रेटिंग राष्ट्रीय शतरंज चयन स्पर्धा में पश्चिम बंगाल के साउथ 24 पांगिरास फोटकी गांव की कु.. स्नेहा हालदार पिता भोगीरथ हालदार बालिका वर्ग में टूर्नामेंट की विजेता घोषित हुई, स्नेहा ने पूरी शतरंज स्पर्धा में अक्रामक शैली से शतरंज खेल ,अपने सभी मैच जीते स्नेहा को इस शतरंज स्पर्धा में कोई भी शतरंज खिलाडी हरा नही पाया... स्पर्धा के समापन समारोह में शतरंज टूर्नामेंट के आयोजको द्वारा स्नेहा हालदार को दस हजार रूपए नगद , ट्रॉफी, वा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया, वा आगामी माह अखिल भारतीय शतरंज महासंघ द्वारा इंटरनेशनल बिलों 2300 रेटिंग शतरंज स्पर्धा में बालिका वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल हो गा.. इस स्पर्धा में स्नेहा के चैम्पियन बनने का श्रेय भारत के 5 बार के वर्ल्ड चैम्पियन विश्वनाथन आनंद जी वा आर.बी.रमेश जी द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को जाता है..... स्नेहा हालदार ने अपनी इस उपलब्धि पर पवित्रा जी, पी. बी, रवि कुमार, चेन्नई ,वा एन. आर. सी. ए. के संरक्षक श्री विवेक वासनिक जी, मो. अज़हर नवाज, आशीष शर्मा जी, सुदेश मेश्राम जी,, निखिल लारोकार,राम प्रसाद पाल,अमित छाबड़ा जी, उमा महेश वर्मा, डी.एल. टेंबुरकर, अजमीना शेख, मो शहरयार, धीरज शर्मा जी, शिखा जैन, लाजमी शेख, हरी कृष्णा रेड्डी, दीपक चौरसिया जी ने अपनी शुभ कामनाएं दी वा उज्जवल भविष्य की कामना की।

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202302092300008-अ /6 (अ)- वर्ष 2022-23

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार साहू आ. लखनलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम छपारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम छपारा पटवारी हल्का नं. 03 में स्थित शामिलात नाम की कृषि भूमि कुल खसरा 03 कुल रकबा 1.215 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम लालचंद आ. लखनलाल दर्ज हो गया है। जबकि आवेदक का आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में नाम विजय कुमार साहू आ. लखनलाल साहू दर्ज है। उक्त भूमि में आवेदक अपना नाम लालचंद उर्फ विजय कुमार साहू आ. लखनलाल साहू दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी-1 खसरा की प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 13/03/2023 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया!

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

रा.मा.क्र. 202108110300053
अ / 6 (अ) वर्ष 2020-21
ग्राम-सासाहोली, प.ह.नं. 08

राजस्व मामले की नोटिस

प्रति,
श्रीमती खेमिन तिवारी
पति श्री चैनप्रसाद तिवारी,
साकिन- राजेन्द्र वार्ड क्र. 03,
तहसील- तिल्दानेवरा
जिला-रायपुर(छ.ग.)

विषयः -अभिलेख दुरुस्ती की कार्यवाही हेतु ।

आवेदक गोपाल प्रसाद उपाध्याय पिता किशोरीलाल निवासी- बोदरी, तहसील-बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आपके नाम से ग्राम- सासाहोली, प.ह.नं. 08 स्थित भूमि खसरा नंबर 125 / 61-62, 125/63-64 रकबा क्रमशः 0.014, 0.014 हे. को आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 25.03.2015 को आपसे क्रय किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में लंबित है।

इस संबंध में आप दिनांक 03.03.2023 को स्वयं अथवा विधिमान्य अभिभाषक के माध्यम् इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में विधिवत् अग्रिम कार्यवाही की जावेगा ।

आज दिनांक 14.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर सहित जारी किया गया ।

मुहर
तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव
ईश्तहार

रा.प्र.क 202302092300040-ब / 121-वर्ष 2022-23

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगतू वर्मा आ. रामचरण वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम ढारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम ढारा पटवारी हल्का नं. 03 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं. 165/2, 322, 323, 345/1 रकबा 0.364, 0.384, 0.384, 0.324 कुल खसरा 04 कुल रकबा 1.456 हेक्टेयर भूमि आवेदक के शामिलात नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06/03/2023 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/02/ 2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

राशन कार्ड की फोटोकॉपी को 50 रु. में बेच रहा है दुकानदार

■ जनपद पंचायत कसडोल के जिम्मेदार अधिकारियों ने पल्ला झाड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कसडोल 23 फरवरी। बलौदाबाजार जिला कसडोल तहसील , जनपद पंचायत मुख्यालय के सामने एक फोटो कॉपी दुकान के संचालक द्वारा राशन कार्ड की फोटोकॉपी को ब्लैक में बेचे जाने का मामला सामने आया है !

दुकान संचालक शासकीय राशन कार्ड की फोटो कॉपी कर लोगों को 50रू. प्रति नग बेचता है जबकि राशन कार्ड बनवाने वाले हितग्राहियों को जनपद पंचायत से यह राशन कार्ड निःशुल्क दिया जाना है ! चरोदा निवासी गोविंद बंजारे ने बताया कि उन्होंने 50रू. प्रति नग राशन कार्ड के हिसाब से 7 राशन कार्ड दुकानदार से खरीदा है ! जबकि शासन के द्वारा यह कार्ड निःशुल्क मिलना चाहिए!

ताज्जुब की बात यह है कि जनपद और एसडीएम कार्यालय के पास दुकान संचालित करने वाले दुकानदार द्वारा यह कार्य कई महीने से किया जा रहा है लेकिन मामले में कोई कार्रवाई अब तक दुकानदार के ऊपर नहीं की गई है ! जनपद पंचायत कसडोल में राशन कार्ड नहीं मिलने पर हितग्राहियों को बाहर फोटोकॉपी की दुकानों से अधिक रुपए देकर महंगे दामों में राशन कार्ड खरीदना पड़ रहा है ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों पर सवाल उठना लाजिमी है !

जिम्मेदार अधिकारियों का यह है कहना

इस संबंध में कसडोल तहसीलदार विवेक कुमार पटेल ने बतलाया कि आपके द्वारा मुझे जानकारी मिली है !

सोमवार को जांच करवाएंगे यदि शिकायत सही पाई गई तो दुकान को सील किया जाएगा !

वही हिमांशु वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल ने कहा कि मुझे इसकी सूचना अभी मिली है जिस पर तत्काल खाद्य अधिकारी को मामले को देखने के लिए कहा गया है... यदि शिकायत सही मिली तो तो दुकानदार पर कार्रवाई की जाएगी ! दुकान को सील किया जाएगा , राशन कार्ड को कोई दुकानदार बेच / बना नहीं सकता !

समाजसेवी भरत लाल साहू का कहना है

इस संबंध में कसडोल नगर पंचायत के समाजसेवी भरतलाल साहू का कहना है कि बिना अधिकारियों की मिलीभगत के इस तरह का कार्य असंभव है ! मामला सामने आने पर अधिकारीगण अपने आप को बचाने के लिए इस तरह का बयान देते रहते हैं , जिसे आम जनता भी गंभीरता से नहीं लेती क्योंकि जब सैंया भए कोतवाल तो डर काहे का !

पुनूराम बंजारे के शोक संतप्त परिवारजनों से मिले गौरीशंकर अग्रवाल

कसडोल 23 फरवरी। बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा लवन तहसील के पत्रकार पुनूराम बंजारे के माता जी के निधन पर आज उन्हें श्रद्धांजलि देने लवन नगर स्थित उनके निवास पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल पहुंचे। उन्होंने मृत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति एवं उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने लवन पत्रकार पुनूराम बंजारे के परिवारजनों से मिलकर... उन्हें ढांढस बंधाया। आज के इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुलोचना यादव , भाजयुमो के जिला महामंत्री प्रशांत यादव , मंडल के महामंत्री गोविंद धृतलहरे, मंडल मंत्री सर्वेंद्र साहू , नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रामकुमार साहू उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

क्र./जोन-3/न.नि./2023/1209/477 भिलाई, दिनांक 20/02/2023

//ई-प्राक्यूरमेंट निविदा सूचना//
Main Portal:https://eproc.cgstate.in
Sub Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

लोक कर्म विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई टेंडर आमंत्रित की गई है। जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	कार्य का नाम	सिस्टम टेंडर न.	अनुमानित निविदा लागत (लाख में)	अमानत राशि	श्रेणी	ई-टेंडर आमंत्रण दिनांक
1	वार्ड क्रमांक -34 (पुराना वार्ड- 25) मिनी माता शासकीय प्राथमिक शाला पुर्ननिर्माण कार्य।	125595	36.20	30,000.00	द से प्रवर श्रेणी	20.02.2023 से 13.03.2023 तक

नोटः- 1. धरोहर राशि offline जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 16.03.2023 शाम 5.30 बजे तक कार्यपालन अभियंता/ जोन आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के पक्ष में निक्षेप होगा।
2. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्राक्यूरमेंट वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में उपयुक्त श्रेणी में सम्मिलित होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें।

जोन आयुक्त

एक नजर

सब इंस्पेक्टर प्रारंभिक परीक्षा के नतीजे जारी

रायपुर, 23 फरवरी। उप निरीक्षक संवर्ग के आठ विभिन्न कैटेगरी के रिक्त 981 पदों को भरने के लिए आयोजित की गई प्रारंभिक परीक्षा के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। सूबेदार, उपनिरीक्षक, प्लाटून कमांडर, उपनिरीक्षक दस्तावेज, उप निरीक्षक कम्प्यूटर व उप निरीक्षक रेडियो के कुल 171 पदों पर भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता का आयोजन किया गया था। जो 5 जुलाई को समाप्त होने के बाद 29 जनवरी 2023 को प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया था। उक्त भर्ती परीक्षा का मॉडल आंसर व्यापम के वेबसाइट पर 3 फरवरी को प्रदर्शित कर 8 फरवरी तक के दावा आपत्ति मंगाए गए थे। दावा आपत्ति आने के बाद आज सब इंस्पेक्टर प्रारंभिक परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर अपना रोल नंबर टाइप कर प्रारंभिक लिखित परीक्षा के प्राप्तांक देख सकते हैं।

मध्यम एवं भारी मालवाहकों के आवागमन पर लगा प्रतिबंध

रायपुर, 23 फरवरी । कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने जनसुरक्षा के दृष्टिकोण से अग्रसेन धाम- व्ही.डब्ल्यू केन्यान होटल-व्ही.आई.पी रोड-ग्राम फुंडहर-देवपुरी मार्ग में मध्यम एवं भारी मालवाहक वाहनों के आवागमन को सुबह 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक के लिए प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। व्हीआईपी रोड किनारे स्थित काफी संख्या में होटल-मैरिज पैलेसों में कार्यक्रमों के आयोजनों पर वाहनों का आवागमन होने से एवं एयरपोर्ट आवागमन करने वाले वाहनों के आवागमन से उक्त मार्ग में यातायात का दबाव बना रहता है। जिससे भारी वाहनों के आवागमन पर दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी। लोक सुरक्षा एवं सुगम यातायात के दृष्टिकोण से अग्रसेन धाम -व्ही.डब्ल्यू केन्यान होटल-व्ही.आई.पी रोड-ग्राम फुंडहर-देवपुरी मार्ग में मध्यम एवं भारी मालवाहक वाहनों के आवागमन को सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है।

कांग्रेस के 85वें अधिवेशन की तैयारी को लेकर हुई मेडिकल समिति की बैठक

रायपुर 23 फरवरी। राष्ट्रीय कांग्रेस की 85 वां अधिवेशन के लिये गठित मेडिकल समिति की आवश्यक बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुई। इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, चैयरमेन टी. एस. सिंहदेव, को. चेयरमेन डॉ. राकेश गुप्ता, सदस्य विनोद चंद्रकार, करूणा कुर्रे, जे.पी श्रीवास्तव, शैलेश पांडे, रश्मि चंद्राकर, बालकृष्ण पाठक, रूबी गरचा, तारणी चंद्राकर, अजीत कुकरेजा, पप्पू बंजारे, प्ररेणा साहू, प्रेमलता बंजारे, रोशनी सिन्हा, चमेली रात्रे, प्रीयांक ठाकुर, पंकज, आदित्येश्वर सिंहदेव, अतुल सिंघानिया, अनिल सिंह, ओनीमेंश, राघवेन्द्र कुमार सिंह, सफी अहमद, सुमीत्रा, राहुल तेजवानी उपस्थित हुये।

भूपेश को कांग्रेस अधिवेशन चाहिए, गरीबों का आवास नहीं: बृजमोहन

रायपुर 23 फरवरी। वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस अधिवेशन चाहिए। छत्तीसगढ़ के गरीबों का आवास नहीं चाहिए। भूपेश बघेल कांग्रेस के अधिवेशन पर राज्य की जनता का 5 हजार करोड़ न्यौछावर कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के संसाधनों का दुरुपयोग किया जा रहा है। पूरी सरकारी मशनरी कांग्रेस अधिवेशन की सेवा में तैनात कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अधिवेशन में सोनिया गांधी आ रही हैं, राहुल प्रियंका आ रहे हैं, कांग्रेस के गुमनाम अध्यक्ष आ रहे हैं, देश भर के कांग्रेसियों के पास कोई काम नहीं है, ऐसे तमाम नेता यहां की गरीब जनता का आवास छीनकर कराये जा रहे 5 हजार करोड़ के भंडारे का लुत्फ उठाने आ रहे हैं। भूपेश बघेल कांग्रेस अधिवेशन के प्रायोजक बने हैं और छत्तीसगढ़ की जनता का धन इन मेहमानों की खातिरदारी पर उड़ा रहे हैं। बलरामपुर जिले के रामानुजगंज विधानसभा में पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम प्ले हुंकार भरते हुए कहा कि आज की जनता की यह विशालकाय भीड़ बता रही है कि भूपेश सरकार का अंतिम समय आ गया है। भूपेश बघेल सरकार के वादों से छली गई जनता अब उन्हें सबक सिखाने का मन बना चुकी है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कोरबा में मोर आवास-मोर अधिकार अभियान के तहत भूपेश बघेल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस राज में गरीबों के खून पसीने की कमाई को लूटा जा रहा है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार गरीबों के सिर से उनकी छत छीन कर अपना घर भर रही है। ये प्रदेश की गरीब जनता के साथ अन्याय, अत्याचार है। श्री कौशिक ने कहा कि केन्द्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने 2022 तक देश के हर गरीब परिवार को पक्का मकान देने का संकल्प लिया, परंतु प्रदेश की लुटेरी भूपेश बघेल सरकार की हठधर्मिता के कारण राज्य के 16 लाख परिवार प्रधानमंत्री आवास से वंचित हैं। राज्य के वंचित हितग्राहियों को उनका आवास मिलने तक भारतीय जनता पार्टी वंचितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ती रहेगी।

अधिवेशन में बनेगा 5 राज्यों के विस चुनाव का रोड मैप

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर 23 फरवरी। नवा रायपुर में होने वाले कांग्रेस के 85 वें अधिवेशन में भाग लेने राष्ट्रीय नेताओं, एआईसीसी सदस्यों एवं वरिष्ठ नेताओं का आगमन शुरू हो गया है। विमानतल पर आज कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री जयराम रमेश,केसी वेणुगोपाल सहित अनेक राष्ट्रीय नेता पहुंचे यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। नई दिल्ली के अलावा दक्षिण राज्यों से भी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रेलवे मार्ग से पहुंचे।

कांग्रेस के प्रशासनिक एवं महामंत्री रवि घोष से मिली जानकारी के अनुसार कल से मेहमानों का आगमन शुरू हो गया है। रायपुर में 400 से अधिक होटलें, धर्मशालाएं एवं पर्यटन विभाग के मोटल तथा निजी होटलों को बुक कर दिया गया है। आज विमान से जयराम रमेश एवं केसी वेणुगोपाल पहुंचे यहां पर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

24 को आएंगे राहुल

कांग्रेस प्रवक्ता के अनुसार भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने वाले राहुल गांधी 24 को आएंगे 25 को प्रियंका गांधी रायपुर पहुंचेगी। रवि घोष के अनुसार बस्तर से आदिवासियों का एक नृर्तक दल लाया गया है। कल से ही राजीव भवन में मैसूर तमिलनाडु, कर्नाटक तथा महाराष्ट्र के नेताओं का आगमन शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को देखते हुए यहां पर तेलीबांधा, पंडरी सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं के धर्मशालाओं को आरक्षित कराया जा रहा है।

हम सफर से दिल्ली के पत्रकार

दिल्ली से आने वाली हम सफर एक्सप्रेस से बड़ी संख्या में पत्रकार आ रहे हैं। यह ट्रेन 6 घंटे लेट चल रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता के अनुसार इस ट्रेन में करीब 400 मेहमान आ रहे हैं। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय 7 घंटे विलंब से चल रही है। इसमें यूपी,झांसी, आगरा, मध्यप्रदेश के भोपाल, ग्वालियर एवं नागपुर

से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आ रहे हैं। कांग्रेस भवन में विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां से सभी स्तर की बैठकें हो रही है। इन्हें कार्यों के लिए निर्देशित किया जा रहा है।

राजधानी में जनसभा में बस का इंतजाम करेंगे महापौर

जोरा में 26 फरवरी को एक आमसभा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भीड़ लाने का जिम्मा स्थानीय पदाधिकारियों को दिया गया है। महापौर भीड़ जुटाने के वाहनों की व्यवस्था करेंगे। नेताओं ने बस सहित अन्य बड़े वाहन देने की डिमांड की है। ज्ञात रहे जीई मार्ग कृषि महाविद्यालय के सामने जोरा में विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा।

20 हजार लोगों का भोजन बनेगा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के आगमन को देखते हुए अलग-अलग राज्यों का मेन्यू बनाया गया है।

विधानसभा चुनाव के लिए बनेगा रोडमैप

कांग्रेस के नेताओं के अनुसार राष्ट्रीय अधिवेशन में इस वर्ष 5 राज्यों में होने वाले चुनाव के लिए रोड मैप बनाया जाएगा। भाजपा को चुनौती देने के लिए एकता और अखंडता के नारे को मजबूत किया जाएगा। बैठक में अनेक राजनीतिक एवं विदेश नीति के प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। बैठकों में हर प्रस्ताव को प्रस्तुत करने के पहले सोनिया गांधी से सहमति ली जाएगी। कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा के लिए चाक प्रबंध किए गये हैं। उपवारा से आने वाले भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया जाएगा।

खड़गे का कार्यक्रम

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 23 फरवरी गुरूवार को शाम 4.30 बजे नई दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। 24 फरवरी को सुबह 10 बजे स्टेयरिंग कमेटी की अध्यक्षता, शाम 4 बजे विषय समिति की अध्यक्षता, रात 8 बजे विषय समिति की बैठक में शामिल होंगे। 25 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से 20.30 बजे तक प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 26 फरवरी को दोपहर 1 बजे कांग्रेस अध्यक्ष, एआईसीसी द्वारा समापन कार्यक्रम एवं एवं शाम 4 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे।

शराब से भरा ट्रक रायपुर आबकारी विभाग ने पकड़ा

रायपुर 23 फरवरी। शराब से भरे ट्रक और 2 कार को रायपुर आबकारी विभाग ने पकड़ा है. जानकारी के मुताबिक आबकारी विभाग को शराब तस्करी की सूचना मुखबिर से मिली थी. जिस पर टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. जब्त गोवा व्हिस्की शराब करोड़ों की है. फ़िलहाल शराब भरे ट्रक और 2 कार को सिविल लाइन थाना रायपुर में रखा गया है. इस मामले में 5 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. चार धनबाद के निवासी है और एक महासमुंद के रहने वाले है. सभी तस्करों की गिरफ्तारी पिरदा से हुई है. नकली शराब जब्त - ज्ञात हो कि कल मुखबिर से सूचना मिलते ही आबकारी विभाग की टीम ने गस्त के दौरान सारंगढ़ थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गुड़ेली के सदाबहार ढाबा निवासी अंकित साहू के संज्ञान अधिपत्य से 25 पेटी कुल 216 लीटर अवैध विदेशी नकली मदिरा शराब जप्त की। जहां शराब की शीशी, होलोग्राम एवं लेबल सभी नकली पाये गये। वहीं शराब की तेजी 36.6 यु.पी.है जो की शासन के मानक अनुसार नहीं है। इस दौरान आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर जेल दाखिला की कार्यवाही की गयी।

12 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को हज-2023 की अनुमति नहीं:मोहम्मद असलम खान

रायपुर, 23 फरवरी। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई के सर्कुलर क्रमांक 2 से प्राप्त सूचना अनुसार सऊदी अरब सरकार द्वारा 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को हज-2023 की अनुमति नही दिया जाना निर्धारित किया गया है। अतः हज-2023 के लिए अब 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को जाने की अनुमति नहीं होगी। अब तक आवेदन किए ऐसे बच्चों के आवेदन निरस्त किए जाने के निर्देश हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई द्वारा सर्कुलर 2 में दिए गए हैं।

अवंति विहार में कुत्तों का आतंक,रहवासी हो रहे शिकार

रायपुर 23 फरवरी। अवंती विहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया की पूरे अवंती विहार क्षेत्र में लावारिस कुत्तों की संख्या सैकड़ों से ज्यादा हो गई है जिसका खामियाजा स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों को भुगतना पड रहा है एवं नगर निगम प्रशासन मौन धारण किया हुआ है। श्री राठी ने बताया की लावारिस कुत्तों द्वारा रहवासियों को काटने से 6 इंजेक्शन का डोज लेना पड़ रहा है साथ ही मानसिक विकार भी उत्पन्न होने की आशंका बन रही है। श्री राठी ने बताया की नगर निगम प्रशासन को अनेक बार सूचना देने के बावजूद आज दिनांक तक कार्यवाही शून्य है। श्री राठी ने 3 दिन के भीतर नगर निगम द्वारा डॉग कैचर गाड़ी भेजकर कुत्तों को पकड़ कर नहीं ले जाए जाने पर व्यापारी संघ द्वारा उग्र आंदोलन करने एवं नगर निगम का घेराव करने की चेतावनी दी है।

कुलपति डॉ. चंदेल ने किया कार्यशाला के ब्रोशर का विमोचन

रायपुर, 23 फरवरी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सरकंडा, बिलासपुर में 14 एवं 15 मार्च, 2023 को ''मसाला एवं सगंध फसलें-छत्तीसगढ़ में संभावनाएं एवं क्षमताएं'' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा सुपारी एवं मसाला अनुसंधान संस्थान, कालीकट, केरल, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), रायपुर, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी निदेशालय, रायपुर तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे तथा छत्तीसगढ़ में मसाला एवं सगंध फसलों के उत्पादन की संभावनाओं एवं क्षमताओं के संबंध में विचार-विमर्श करेंगे। इस अवसर पर मसाला एवं सगंध फसलों के उत्पादन, प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन तकनीकों पर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। इस कार्यशाला के ब्रोशर का विमोचन आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल द्वारा कुलपति सचिवालय कक्ष में किया गया। इस अवसर पर संचालक अनुसंधान डॉ. विवेक त्रिपाठी, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. एस.एस. टुटेजा, आयोजन सचिव, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बिलासपुर डॉ. आर.के.एस. तिवारी, कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. पी.के. जोशी तथा डॉ. यमन कुमार देवांगन उपस्थित थे। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान हल्दी, अदरक, काली मिर्च, हरी मिर्च, इलायची, दालचीनी, लौंग, धनियां, मेथी, लहसुन, सौंफ, जीरा आदि मसाला फसलों तथा लेमन ग्रास, सेट्रोनेला, पचौली, मोनार्डा, तुलसी, खस, गेंदा, गुलाब, चमेली, चंदन आदि सगंध एवं औषधीय फसलों के छत्तीसगढ़ में उत्पादन की संभावनाओं एवं क्षमताओं के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

ब्लड बैंक, हमर लैब व ओटी सेवाओं के उपकरणों के लिए पुनरीक्षित प्रस्ताव भेजने टीएस के निर्देश

रायपुर. 23 फरवरी। स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिलों में ब्लड बैंक, हमर लैब और ओटी सेवाओं के उपकरणों के लिए पुनरीक्षित प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में डीकेएस अस्पताल में सुपरस्पेशिलस्ट्स और अन्य डॉक्टरों को इंसेंटिव प्रदान करने के लिए अस्पताल प्रबंधन को शासन को प्रस्ताव भेजने को कहा। स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर., स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक श्री भीम सिंह और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक श्री भोसकर विलास संदिपान भी बैठक में मौजूद थे। स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने चीफ मिनिस्टर पब्लिक हेल्थ ट्रांसफारमेशन फण्ड में वर्तमान में उपलब्ध राशि और आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसम्बर माह तक प्राप्त होने वाली अनुमानित राशि से कार्य स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तैयार कर अधिशासी समिति की अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलों में ओटी सेवाओं को मजबूत करने अधोसंरचना और उपकरणों की उपलब्धता का विश्लेषण कर जरुरी निर्माण कार्यों एवं उपकरणों का प्रस्ताव अनुमोदन के लिए चीफ मिनिस्टर पब्लिक हेल्थ ट्रांसफारमेशन फण्ड की आगामी बैठक में रखने को कहा।

श्री सिंहदेव ने जनवरी-2022 में ब्लड बैंक, हमर लैब और ओटी सेवाओं के उपकरणों के लिए अनुमोदित गतिविधियों में उपकरणों की वर्तमान जरुरतों को ब्लड बैंक, हमर लैब व स्टोर के संबंधित नोडल अधिकारियों के माध्यम से जिले से वेरिफाई करवाकर वर्तमान आवश्यकता के अनुसार पुनरीक्षित प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए।

धर्म परिवर्तन मुद्दा, भाजपा का भावनात्मक दोहन: रिजवी

रायपुर 23 फरवरी। मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने कहा है कि इस वर्ष होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में सफलता का मुंगेरीलाल के सपने देखने वाले भाजपाईयों का दिवास्वप्न एवं नाकाम मंसूबा सिद्ध होने वाला है। इसी भावनात्मक दोहन की साजिश के तहत अब भाजपा ने साधू संतों की भीड़ को देशभर में भावनात्मक दोहन कर वोट हासिल करने की मुहिम छेड़ दी है परन्तु आगामी लोकसभा चुनाव में पराजय भाजपा को मुकद्दर बन चुका है और मुकद्दर को टाला नहीं जा सकता है। रिजवी ने इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए देश की जागरूक जनता को आगाह किया है कि जनता भाजपा के इन भावनात्मक मुद्दों को समझ चुकी है तथा अब और धोखा खाने वाली नहीं है। अगले चुनावों में मंहगाई, बेरोजगारी प्रमुख मुद्दा होगा जिसे देश की धोखा खा चुकी जनता एवं बेरोजगारों का रोष भाजपा का तख्ता पलटने के लिए पर्याप्त है।

नरवा विकास से बढ़ रहा वनांचल में भू-जल स्तर

रायपुर, 23 फरवरी। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'नरवा विकास योजना' के सफल क्रियान्वयन से वनांचल की तस्वीर ही बदल गई है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में नरवा विकास कार्यक्रम के तहत कैम्पा मद अंतर्गत वनांचल स्थित नालों में काफी तादाद में भू-जल संरक्षण संबंधी कार्यो का तेजी से क्रियान्वयन जारी है। इससे वन क्षेत्रों के भू-जल स्तर में काफी सुधार दिखाई देने लगा है और वनवासियों सहित क्षेत्रवासियों को पेयजल, सिंचाई तथा निस्तारी आदि सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलने लगा है। साथ ही साथ इससे वन संरक्षण तथा संवर्धन के कार्यो को भी बढ़ावा मिला है। राज्य में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 'स्कॉच अवार्ड' के पर्यावरण श्रेणी के लिए स्वर्ण पुरस्कार भी मिल चुका है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में गत चार वर्षो के दौरान राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी 'नरवा विकास' योजना के तहत वनांचल स्थित 6 हजार 395 नालों के लगभग 23 लाख हेक्टेयर जल ग्रहण क्षेत्रों को उपचारित करते हुए विभिन्न जल संरचनाओं का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसके तहत एक करोड़ 61 लाख से अधिक भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण शामिल हैं।

विरोधियों का भी दिल जीत सकूंगा: रमेश बैस

रायपुर 23 फरवरी। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस आज रायपुर पहुंचे. उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं और पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी उसे पूरा निभाया हूं. मुझे त्रिपुरा का राज्यपाल बनाया, झारखंड का राज्यपाल बनाया, और अब महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में मनोनीत किया गया है. मुझे विश्वास है कि मैं अपने व्यवहार से सरकार का भी दिल जीत सकूंगा. राज्यपाल रमेश बैस ने कहा, महाराष्ट्र में मैं प्रदेश के विकास के लिए और मुख्यमंत्री को सहयोग करने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा. सरकार और राज्यपाल के बीच में चल रही खींचातानी पर बैस ने कहा, महाराष्ट्र की राजनीति अलग है,लेकिन विरोधियों का भी दिल जीत सकूंगा और दोनों को साथ लेकर प्रदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा. त्रिपुरा में कांग्रेस की सरकार गठन पर बैस ने कहा, त्रिपुरा में बीजेपी की सरकार थी लेकिन झारखंड में विरोधी पार्टी की सरकार है. मैंने मुख्यमंत्री के साथ मिलकर झारखंड में भी अच्छे काम किए. महाराष्ट्र की राजनीति अलग है. दोनों को साथ लेकर प्रदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा. झारखंड का कोई विरोध नहीं है, मेरा और मुख्यमंत्री के बीच भी कोई टकराव नहीं रहा. हम संविधान से बंधे हैं. संविधान के अंदर रहकर काम करना होगा. राज्यपाल रमेश बैस ने कहा, मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं और पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी उसे पूरी तरह निभाया हूं' हमारे उच्च नेता विश्वास कर मुझे त्रिपुरा का राज्यपाल बनाया. झारखंड का राज्यपाल बनाया और अब महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में मनोनीत किया है. महाराष्ट्र देश का सबसे बड़ा राज्य हैं, मुझे उम्मीद है कि जिस तरह मैंने दो प्रदेशों में अपनी जिम्मेदाई निभाई महाराष्ट्र में भी मैं प्रदेश के विकास के लिए और मुख्यमंत्री को सहयोग करने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा. रमेश बैस ने कहा, झारखंड में जब था शपथ के बाद मीडिया वाले पूछे त्रिपुरा में बीजेपी की सरकार थी लेकिन झारखंड में विरोधी पार्टी की सरकार है, अब कैसे कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे? बात-बात पर टकराव होगा, मैंने कहा - देखिए कोई टकराव नहीं होगा, मैंने मुख्यमंत्री के साथ मिलकर झारखंड में भी अच्छे काम किए. नरेंद्र मोदी, अमित शाह ने मेरे कामों को देखकर एक बड़ी जवाबदारी दी है. मुझे विश्वास है कि वहां भी सफल होगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23